दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO.RAJHIN/2013/52026

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 85 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 | कार्तिक नवमी तिथि संवत् - 2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


**सरदार पटेल जयंती पर सौगात :** प्रधानमंत्री ने हरित परिवहन एवं टिकाऊ पर्यटन की दिशा में एकता नगर को देश की आदर्श ई-सिटी के रूप में विकसित करने का प्रस्तुत किया विजन

## पीएम मोदी ने 25 नई ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**वडोदरा (एजेंसी)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नर्मदा जिले के केवड़िया स्थित विश्व प्रसिद्ध स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में 30 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 25 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही, एकता नगर में अब कुल 55 ई-बसें पर्यटकों को मुफ्त यात्रा सेवाएं प्रदान करेंगी. प्रधानमंत्री ने हरित परिवहन एवं टिकाऊ पर्यटन की दिशा में एकता नगर को देश की आदर्श ई-सिटी के रूप में विकसित करने का विजन प्रस्तुत किया।

ई-बसों के लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री ने हरी झंडी लहराकर नई ई-बसों को एकता नगर की सड़कों पर दौड़ने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं पर्यटकों ने हर्ष एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री की हरित पहल का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा, एकता नगर केवल पर्यटन का केंद्र ही नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ विकास का जीवंत उदाहरण है। ई-बसों के शामिल होने से यहां की हवा शुद्ध रहेगी, ध्वनि प्रदूषण कम होगा और पर्यटकों को अत्याधुनिक एवं आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी अथॉरिटी ने प्रधानमंत्री के विजन भारत की पहली ई-सिटी के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से ई-कार, ई-रिक्शा और ई-बस जैसी हरित परिवहन व्यवस्थाएं शुरू की हैं। वर्ष 2021 में विश्व पर्यावरण दिवस के दिन प्रधानमंत्री ने इस पहल की घोषणा की थी, तब से एकता नगर पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन के प्रतीक के रूप में उभर रहा है। नई ई-बसों के जुड़ने से एकता नगर में अब पर्यटकों के लिए मुफ्त, स्वच्छ और स्मार्ट परिवहन सेवा और भी सुगम बन गई है. प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में एकता नगर टिकाऊ विकास, हरित ऊर्जा और स्मार्ट टूरिज्म के समन्वय का जीवंत प्रतीक बन रहा है।



### एक बार चार्ज करने पर180 किमी तक दौड़ सकती है ई-बसें

ये नई 9 मीटर लंबी एसी मिनी ई-बसें एक बार चार्ज करने के बाद 180 किलोमीटर तक दौड़ सकती हैं। इस बस में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अंतर्गत बस में ऐसी व्यवस्था की गई है कि विशेष लिफ्टिंग सिस्टम के जरिए दिव्यांगों की सीट को नीचे लाया जा सकता है, ताकि वे आरामदायक तरीके से बस में चढ़ और उतर सकें। इसके अलावा, महिलाओं के लिए अलग से चार पिंक (गुलाबी) सीटों की व्यवस्था की गई है, ताकि वे सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा का आनंद उठा सकें।

**राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन एक्ट 2025' के प्रावधान लागू**

## अब नए कानून में दर्ज होंगे जबरन धर्मांतरण के मामले

### लव जिहाद पर 20 साल की सजा; धर्म परिवर्तन के लिए सरकार की मंजूरी जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** प्रदेश में अब बहला-फुसलाकर और लोभ-लालच देकर धर्म परिवर्तन करने से जुड़े मुकदमे नए कानून में दर्ज होंगे। धर्म परिवर्तन से जुड़े सभी मामलों में जमानत भी नहीं होगी। अलग-अलग कैटेगरी में सजा का प्रावधान भी है।

लव जिहाद के मामलों में 20 साल की सजा होगी। केवल धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से किसी गई शादी को भी रद्द करवाया जाएगा। धर्म परिवर्तन कराने वाली संस्थाओं के भवनों को सील या तोड़ा जाएगा।

गृह विभाग ने गुरुवार को धर्मांतरण विरोधी कानून को लागू करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस नोटिफिकेशन के साथ ' राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन एक्ट 2025' के प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

अगर कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से धर्म बदलना चाहता है तो प्रशासन की मंजूरी लेना जरूरी होगा। धर्म परिवर्तन से कम से कम 90 दिन पहले कलेक्टर या एडीएम को सूचना देनी होगी। डिक्लेरेशन (घोषणा) देना होगा कि वह अपनी सहमति से धर्म परिवर्तन करना चाहता है। धर्म परिवर्तन कराने वाले धर्माचार्य को भी दो महीने पहले मजिस्ट्रेट के यहां नोटिस देना होगा।



इसके बाद धर्म परिवर्तन की सूचना कलेक्टर, एडीएम के दफ्तर के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। 2 महीने में आपत्तियां मांगी जाएंगी। कोई आपत्ति आने पर उसकी सुनवाई और निपटारे के बाद ही धर्म परिवर्तन हो सकेगा।

**धर्म परिवर्तन के लिए की गई शादी को रद्द करवाया जाएगा :** कानून के प्रावधानों के अनसुार- अगर कोई धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से शादी करता है तो उस शादी को कोर्ट से शून्य घोषित किया जा सकेगा। केवल धर्म परिवर्तन के एकमात्र उद्देश्य से किसी भी महिला या पुरुष ने शादी की है तो ऐसी शादी को रद्द करवाया जाएगा।

**घर वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना जाएगा :** धर्मांतरण विरोधी बिल में जबरन धर्म परिवर्तन पर उम्रकैद तक की सजा सहित कड़े प्रावधान किए गए हैं। घर वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना गया है। मूल पैतृक धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है।

### सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने वाली संस्थाओं पर चलेगा बुलडोजर

नए कानून में धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं पर बुलडोजर चलाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराने वाली संस्थाओं के भवनों को सील करने और तोड़ने का प्रावधान किया गया है। बुलडोजर एक्शन तभी होगा, जब उनमें नियमों का उल्लंघन हुआ हो या अतिक्रमण करके बनाई गई हों।

स्थानीय निकाय और प्रशासन जांच के बाद ही बुलडोजर चलाएंगे। अगर किसी जगह पर सामूहिक धर्म परिवर्तन होता है तो वहां उस संपत्ति को तोड़ा जा सकेगा। जिस भवन में सामूहिक धर्म परिवर्तन हुआ है, उसे प्रशासन जब्त करेगा

## चीन-अमेरिका के बीच साउथ कोरिया में बुसान एयरपोर्ट पर हुई ट्रेड डील

### ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ 10% घटाया; बदले में सोयाबीन खरीदने को राजी हुए जिनपिंग

बढ़ता राजस्थान

**सियोल (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच साउथ कोरिया के बुसान में एयरपोर्ट पर हुई बैठक में ट्रेड डील पूरी हो गई है। हालांकि अभी इस पर दस्तखत होना बाकी है।

ट्रम्प ने यह जानकारी साउथ कोरिया से अमेरिका जाते वक्त प्लेन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने यह भी बताया कि चीन पर 10% टैरिफ कम कर दिया गया है। बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। ट्रम्प ने कहा- मैंने चीन पर फेंटेनाइल के कारण 20% का टैरिफ




लगाया था, जो काफी ज्यादा था। लेकिन मैंने इसे अब 10% कम कर दिया है। यह तुरंत लागू होगा।

दोनों के बीच गुरुवार को साउथ कोरिया के बुसान में 100 मिनट तक बैठक चली। बिजी शेड्यूल होने की वजह से यह मुलाकात बुसान एयरपोर्ट पर हुई।

ट्रम्प और जिनपिंग 6 साल बाद मिले। इससे पहले आखिरी बार 2019 में दोनों के बीच बैठक हुई थी। गुरुवार को हुई बैठक से पहले ट्रम्प ने कहा कि आज ही चीन के साथ ट्रेड डील साइन हो सकती है।

मुलाकात के दौरान ट्रम्प-जिनपिंग ने हाथ मिलाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी मुलाकात बहुत कामयाब होगी, इसमें उन्हें कोई शक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि शी (चीनी राष्ट्रपति) बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं।



## चक्रवात मोन्था कमजोर पड़ा, असर से राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश

### आंध्र में 3 लोगों की मौत, यूपी-बिहार में बारिश, एमपी में तेज हवाओं से गिरा पारा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चक्रवात मोन्था लगातार कमजोर हो रहा है। लेकिन, इसका असर कई राज्यों में देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी बारिश जारी है। यूपी के लखनऊ-कानपुर समेत 15 शहरों में बारिश हो रही है। काशी में बारिश से जलभराव हो गया है।

बुधवार को मध्य प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। इससे तापमान में कमी आई है। उज्जैन में तापमान 23 डिग्री पहुंच गया। राजस्थान के जयपुर, अलवर, करौली सहित कई जिलों में गुरुवार सुबह व सायं तेज बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। इधर, चक्रवात मोन्था ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उड़ीसा में काफी नुकसान किया है। आंध्र प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो गई, 42 मवेशी मारे गए और करीब 1.5 लाख एकड़ में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। तेलंगाना के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है। सूर्यापेट में पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। खम्मम जिले में एक ट्रक ड्राइवर के बह जाने की भी खबर है। उधर, नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। नेपाली मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है।

### राजस्तान नास नदी के तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसी, उदयपुर में तेज बारिश; बीसलपुर बांध के 2 गेट खोले



**जयपुर (कासं)।** जयपुर, उदयपुर, अलवर, सीकर, करौली सहित कई जिलों में गुरुवार सुबह बूंदाबांदी हुई। यह सिलसिला रुक-रुककर जारी रहा। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ठंडक बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों में धुंध के कारण विजिबिलिटी कम रही।

उधर, बीसलपुर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण बनास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। टोंक के देवली की राजमहल रपट (पुलिया) के तेज बहाव में गुरुवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई। ट्रैक्टर पर सवार दो युवकों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। उधर, पुलिया ओवरफ्लो होने से देवली से टोडारायसिंह जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। इससे आधा दर्जन इलाकों के लोगों को आने-जाने के लिए 15 किमी का चक्कर काटना पड़ रहा है।

## केंद्र ने जस्टिस सूर्यकांत को 53वां सीजेआई किया नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां



चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) नियुक्त किया गया है। वे 24 नवंबर को शपथ लेंगे। कानून मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वे मौजूदा सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की जगह लेंगे।

सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल करीब 14 महीने का होगा। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। सीजेआई गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायपालिका की 20 साल की सेवा में कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए। पेगासस जासूसी मामले में वे उस बेंच का हिस्सा रहे, जिसने साइबर विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर मामले की जांच करवाई।

# सम्पादकीय

## नाकामी की शर्मनाक कहानी, वायु प्रदूषण देश की बदनामी का कारण बन रहा

मेडिकल जर्नल लैंसेट के इस निष्कर्ष पर हैरानी नहीं कि भारत में 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत अधिक हो चुकी थी और इसके चलते 17 लाख से अधिक लोग असमय काल के गाल में समा गए, जिससे भारी आर्थिक क्षति भी हुई। यह संभव है कि सरकार प्रदूषण से हुई मौतों के इस आकलन से सहमत न हो, लेकिन इससे तो कोई भी इन्कार नहीं कर सकता कि देश में वायु प्रदूषण विकराल रूप लेता जा रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप ले लिया होगा, क्योंकि बीते तीन वर्षों में इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। केंद्र और राज्य सरकारें वायु प्रदूषण की गंभीर होती समस्या का समाधान कर पाने में किस तरह विफल हैं, इसका पता दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने के असफल प्रयासों से चलता है। समझना कठिन है कि जब यह हर तरह से सिद्ध हो चुका है कि कृत्रिम बारिश वायु प्रदूषण से पार पाने का प्रभावी उपाय नहीं, तब फिर इसकी कोशिश ही क्यों की गई? कृत्रिम बारिश कराने के प्रयोग का इसलिए कोई मतलब नहीं था, क्योंकि यदि वह सफल भी हो जाता



तो भी वायु प्रदूषण से स्थायी राहत नहीं मिलनी थी। एक लंबे समय से यह देखने को मिल रहा है कि वायु प्रदूषण से निपटने के जतन तब किए जाते हैं, जब वह सिर उठा लेता है। ऐसा यह जानते हुए भी किया जाता है कि प्रदूषण का निवारण रातोंरात नहीं किया जा सकता। इससे यही पता चलता है कि सरकारें और उनकी प्रदूषण रोधी एजेंसियां सर्दियों के आगमन के साथ जहरीली होती हवा को लेकर तनिक भी गंभीर नहीं और वे एक बड़े संकट के समाधान का दिखावा भर करती हैं। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप भी प्रदूषण से निपटने में सहायक नहीं बन पा रहा है। कुल मिलाकर देखें तो हर कोई नाकाम है। वर्ष दर वर्ष गंभीर होता वायु प्रदूषण राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के साथ शासन तंत्र की सामूहिक विफलता की कहानी इसलिए बयान करता है, क्योंकि औसत जनता इस संकट से बेपरवाह दिखती है। यह तब है, जब वायु प्रदूषण आम आदमी की सेहत के लिए एक बड़े संकट के रूप में उभर आया है। यदि आम जनता वायु प्रदूषण को अपने जीवन के लिए आफत मानकर नेताओं को जवाबदेह बनाने के लिए सक्रिय नहीं होती तो शासन-प्रशासन के स्तर पर वैसी ही ढिलाई बरती जाती रहेगी, जैसी दशकों से बरती जा रही है। शर्मनाक यह है कि यह ढिलाई इसके बाद भी बरती जा रही है कि वायु प्रदूषण देश की बदनामी का भी कारण बन रहा है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 31 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1759 - फिलीस्तीन के साफेद में भूकंप से 100 लोग मारे गये।
- 1864 - नेवादा अमेरिका का 36वां प्रांत बना।
- 1905 - अमेरिका के सेंट पीटर्सबर्ग में क्रांतिकारी प्रदर्शन।
- 1908 - चौथे ओलंपिक खेलों का लंदन में समापन।
- 1914 - ब्रिटेन तथा फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1920 - मध्य यूरोपीय देश रोमानिया ने पूर्वी यूरोप के बेसाराबिया पर क़ब्ज़ा किया।
- 1953 - बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
- 1956 - स्वेज नहर को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन तथा फ्रांस ने मिस्र पर बमबारी शुरू की।
- 1959 - सोवियत संघ तथा मिस्र ने नील नदी पर अस्वान बांध बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1960 - बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से करीब दस हजार लोगों की मौत।
- 1966 - भारत के मशहूर तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
- 1978 - ईरान में तेल कर्मचारियों की हड़ताल शुरू।
- यमन ने अपना संविधान अंगीकार किया।
- 1982 - पोप जॉन पॉल द्वितीय स्पेन जाने वाले पहले बिशप बने।
- 1984- भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके अंगरक्षकों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके पश्चात् राजीव गांधी भारत के 9वें प्रधानमंत्री बनें।
- 1989 - तुर्गत ओजल तुर्की के राष्ट्रपति चुने गये।
- 1996 - रासायनिक अस्त्र प्रतिबंध संधि को लागू करने के लिए आवश्यक 65 देशों की मंजूरी मिली।
- 2003 - हैदराबाद में आयोजित अफ्रोएशियन हॉकी चैम्पियनशिप में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराकर स्वर्ण प्राप्त किया। मलेशिया के प्रधानमंत्री मोहतिर मोहम्मद ने शासन की बागडोर उपप्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद को सौंपी।
- मलेशियाई प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद के 22 वर्ष लंबे शासन का अंत हुआ।
- 2004 - फालुजा में अमेरिका ने हवाई हमला किया।
- 2005 - फ़िलिस्तीन-इस्रायल हिंसा न करने पर सहमत। रूस को वोल्कर रिपोर्ट के पीछे जोड़-तोड़ का सन्देह। चीन और नेपाल सीमा के संयुक्त निरीक्षण पर सहमत।
- 2006 - श्रीलंका सरकार ने तमिल विद्रोहियों पर जाफना प्राय:द्वीप में जवानों पर गोलीबारी करने का आरोप लगाया।
- 2008- देश में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे को गुप्त और अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराने सम्बन्धी विधेयक को केन्दीय मंत्रीमण्डल ने मंज़ूरी दी।

## विशेष आलेख

# राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल



रमेश सर्राफ धमोरा

सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे जो भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत में सभी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके लिए उन्हें 'लौह पुरुष' भी कहा जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय नागरिक सेवाओं आईसीएस का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं आईएएस बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें देशभक्ति की ओर मोड़ा।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। महात्मा गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची



अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी सरदार पटेल को ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो।देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया।

# रेलवे प्लेटफॉर्म पर पुस्तकालय: ज्ञान की यात्रा



विजय गर्ग

*पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के अलावा, ये पुस्तकालय सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक हैं। वे साक्षरता को प्रोत्साहित करते हैं, जीवन के सभी क्षेत्रों से लोगों तक ज्ञान पहुंचाते हैं*

रेलवे स्टेशनों को लंबे समय से आगमन, प्रस्थान और प्रतीक्षा के स्थान के रूप में देखा गया है। लेकिन हाल के वर्षों में, पूरे भारत में कुछ प्लेटफार्मों पर एक शांत क्रांति हुई है: रेलवे स्टेशनों पर पुस्तकालय बनाने से यात्रा समय को सीखने और चिंतन का क्षण बन गया है। रेलवे प्लेटफॉर्म लाइब्रेरी के पीछे का विचार सरल लेकिन शक्तिशाली है - लोगों को किताबें करीब लाने के लिए। कई यात्री ट्रेनों की प्रतीक्षा में घंटों बिताते हैं, और ये पुस्तकालय उन्हें उस समय पढ़ने, सीखने और अपने दिमाग को समृद्ध करने का अवसर प्रदान करते हैं। छात्रों और दैनिक यात्रियों से लेकर पर्यटकों तथा रेलवे कर्मचारियों तक सभी लोग मुफ्त या न्यूनतम शुल्क पर पुस्तकों तक पहुंच सकते हैं। ऐसी पुस्तकालयें अक्सर पढ़ने की सामग्री - उपन्यास, बच्चों की किताबें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं और यहां तक कि प्रतिस्पर्धी परीक्षा गाइड भी प्रदान करती हैं। कुछ का प्रबंधन रेलवे अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जबकि अन्य स्थानीय एनजीओ या पढ़ने के क्लबों द्वारा समर्थित समुदाय-चालित होते हैं। एक उल्लेखनीय उदाहरण पुणे, मैसूरू और सेकंदराबाद जैसे स्थानों पर शुरू की गई लाइब्रेरी ऑन प्लेटफॉर्म पहल है जिसने अन्य शहरों में भी इसी तरह के प्रयास प्रेरित किए हैं। पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के अलावा, ये पुस्तकालय सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक हैं। वे साक्षरता को प्रोत्साहित करते हैं, जीवन के सभी क्षेत्रों से लोगों तक ज्ञान पहुंचाते हैं और मोबाइल स्क्रीन द्वारा हावी युग में पढ़ने की संस्कृति को पुनर्जीवित करने में मदद करते हैं। कई यात्रियों के लिए, पृष्ठों की सौम्य गर्जना डिजिटल विचलितताओं से एक स्वागत योग्य ब्रेक बन जाती है। रेलवे प्लेटफॉर्म पर पुस्तकालय केवल पुस्तकों की अलमारियों से अधिक है - यह विचारों के लिए एक मंच, सीखने का स्टेशन और एक ऐसी यात्रा है जो कभी समाप्त नहीं होती। आज, अवधारणा विकसित हुई है, अक्सर सार्वजनिक पुस्तकालयों, छोटी ऋण शाखाओं या यहां तक कि स्टेशन कॉन्कोर्स में सीधे बुक वेंडिंग मशीनों के रूप में भी।

**1।सुविधा और पहुंच :** रेलवे स्टेशन पुस्तकालय का मुख्य आकर्षण सुविधा है। प्लेटफार्मों के पास या स्टेशन के भीतर स्थितियां व्यस्त यात्री और यात्रियों को सार्वजनिक पुस्तकालय की अलग यात्रा किए बिना जल्दी से लौटने, ब्राउज़ करने और पुस्तक देखने की अनुमति देती हैं। कुछ यूरोपीय उदाहरणों में, पुस्तकालय त्वरित वापसी और चेकआउट के लिए विशिष्ट क्षेत्रों के साथ सुपर-फास्ट लेनदेन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो तत्काल यात्री को सीधे पूरा करते हैं। परिवहन केंद्रों से अक्सर जुड़े विस्तारित घंटे पारंपरिक सार्वजनिक पुस्तकालयों की तुलना में भी अधिक हो सकते हैं, जिससे गैर-मानक कार्य कार्यक्रम वाले लोगों के लिए पुस्तकें उपलब्ध होती हैं।

**साक्षरता और शिक्षा के लिए एक प्रोत्साहन :** रेलवे स्टेशन पुस्तकालयों को अक्सर उन व्यक्तियों के लिए अमूल्य संसाधनों के रूप में उद्धृत किया जाता है जिनके पास अन्यथा पुस्तकों तक आसानी से पहुंच नहीं हो सकती। वे सूचना तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हैं।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

**पूर्णिमा की रात :** पूर्णिमा की वह रात थी और मेरी फसल चांदनी से पूरी तरह से नहाई हुई थी। मैं भी रात को फसल की निगरानी करने निकल पड़ा लेकिन जैसे ही मैं खेत के बीच में पहुंचा मुझे एक बहुत बड़ी परछाई दिखाई दी और आवाज सुनाई दी। मैं बड़ा साहस करके परछाई के पास गया तो मुझे एक बूढ़ा आदमी दिखाई दिया। वह उस ठंड में जोर-जोर से हाफ रहा था। उस बूढ़े व्यक्ति ने अपना नाम अशोक बताया तथा उसने यह भी बताया कि वह पास के ही गांव में रहता है।

फिर मैंने उससे इस ठंड में घर के बाहर आने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके बच्चों ने उसको इस भारी ठंड में घर से निकाल दिया है।



मैं उसको अपने घर ले आया और सुबह होते ही उसके गांव जाकर उसके बच्चों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# पीली किशमिश या काली किशमिश कौन सी है ज्यादा फायदेमंद?

किशमिश एक ड्राई फ्रूट है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। किशमिश खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। इसमें आयरन, पोटेशियम, फाइबर, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसका सेवन करने से कई बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हड्डियों को मजबूत बनाने से लेकर ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। किशमिश कई किस्मों में उपलब्ध होती है, लेकिन ज्यादातर घरों में काली और पीली किशमिश का सेवन ज्यादा किया जाता है। ऐसे में, अक्सर लोगों के मन में यह कंफ्यूजन रहती है कि काली किशमिश शरीर के लिए ज्यादा फायदेमंद होती है या पीली किशमिश।

**पीली किशमिश के फायदे :** पीली किशमिश के बहुत सारे फायदे हैं। दरअसल, इसमें विटामिन-ए, विटामिन-ई, विटामिन-के, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। पीली किशमिश का सेवन करने से बाल व त्वचा स्वस्थ रहती है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो त्वचा की झुर्रियों को कम करने और हेयर फॉल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। साथ ही, यह शरीर को तुरंत एनर्जी देने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी मदद करती है। पीली किशमिश का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं।

**काली किशमिश के फायदे :** काली किशमिश भी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। काली किशमिश में आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की पूरी कोशिश करेंगे। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले और यदि कोई शारीरिक समस्या हो।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुश होंगे, लेकिन आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपने स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा परेशान तो रहेंगे, लेकिन फिर भी आपकी समस्याएं आसानी से खत्म होंगी। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करके कोई डील फाइनल करना बेहतर रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी वाद-विवाद में पडने से बचना होगा। वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, जिससे आप जल्दबाजी दिखाएंगे और आपसे गड़बड़ी हो सकती हैं। आप किसी अजनबी से कोई लेनदेन करके फंस सकते हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने से किसी काम को समय से पहले कर सकेंगे। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें।

**वृश्चिक**
आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपके शत्रु प्रबल रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती हैं। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल होगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। व्यापार में आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें, तो ही बेहतर रहने वाला है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। आप अपने खर्चों को नियंत्रित करने की कोशिश करें। जीवनसाथी आपके लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। दोस्त आपके लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आपको अपने शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और आप अपने खर्चों को कंट्रोल करके किसी बचत की स्कीम में इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आपके लिए आने वाले समय में अच्छा रहेगा।

# संकेत: तो तीन बच्चों के बाद भी बन सकेंगे पंच, सरपंच और प्रधान !

## विभिन्न संगठनों, नेताओं और जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर राज्य सरकार ने गंभीरता से शुरू किया विचार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** पंचायती राज और शहरी निकाय चुनावों में दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों पर लगी अयोग्यता की बाध्यता जल्द हट सकती है। विभिन्न संगठनों, नेताओं और जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर राज्य सरकार ने गंभीरता से विचार शुरू कर दिया है।

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने एक बातचीत में इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बातचीत में कहा कि सरकारी कर्मचारियों को तीसरी संतान की छूट मिल चुकी है, तो जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव क्यों होना चाहिए? मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है और सभी पक्षों से राय लेकर उचित निर्णय लिया जाएगा।

**विभाग से मंगवाई गई अनौपचारिक रिपोर्ट :** मंत्री खर्रा ने विस्तार से बताया कि पंचायती राज विभाग और स्वायत्त शासन विभाग से अनौपचारिक रिपोर्ट मंगवाई जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि जब सरकारी कर्मचारियों पर तीन संतान का प्रतिबंध था, उसमें राहत दे दी गई। फिर जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव क्यों? उनको भी इतनी छूट मिलनी चाहिए। कर्मचारी और जनप्रतिनिधि दोनों ही सार्वजनिक सेवा में हैं, दोनों में ज्यादा अंतर नहीं किया जा सकता।

मंत्री ने कहा कि देश और राज्य के हित में जनसंख्या नियंत्रण महत्वपूर्ण है, लेकिन नियम एक समान होने चाहिए। सरकारी कर्मचारियों पर दो बच्चों का नियम लागू था, लेकिन छूट दे दी गई, जबकि पंचायती राज और निकाय जनप्रतिनिधियों को नहीं। अब



मांग उठ रही है, तो विचार करना पड़ेगा।

मंत्री खर्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री से चर्चा में यह सुझाव आया कि सभी पक्षों की राय ली जाए। मांग पत्र विभागों में घूमते हैं और अंतिम निर्णय सरकार लेगी। उन्होंने कहा कि एक बार सबसे चर्चा के बाद जो उचित होगा, वही किया जाएगा। विभिन्न संगठनों और नेताओं ने तीसरी संतान की बाध्यता हटाने की मांग जोरदार तरीके से उठाई है।

**जनप्रतिनिधि देते हैं ये तर्क :** जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर लगी यह रोक अब पुरानी पड़ चुकी लगती है। विशेषज्ञों का मानना है कि राज्य में जन्म दर घट रही है और ऐसे नियम अब प्रासंगिक नहीं। कई जनप्रतिनिधि तर्क देते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार बड़े होते हैं, ऐसे में योग्य उम्मीदवारों की कमी हो जाती है। अगर यह बाध्यता हटती है, तो पंचायत और निकाय चुनावों में ज्यादा प्रतिस्पर्धा होगी। हालांकि, जनसंख्या नियंत्रण के समर्थक इसे गलत मानते हैं और कहते हैं कि जनप्रतिनिधि रोल मॉडल होते हैं, उन पर सख्ती जरूरी है।

### भैरोंसिंह शेखावत सरकार में बना था नियम

यह नियम 1994-95 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की सरकार ने लागू किया था। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति पंचायत या निकाय चुनाव नहीं लड़ सकते। इसमें चुनाव जीतने के बाद तीसरा बच्चा पैदा होने पर पद से हटाने का प्रावधान भी है। एक निश्चित तारीख के बाद पैदा हुए तीसरे बच्चे पर यह रोक लागू होती है। उस तारीख से पहले कितनी भी संतान हों, चुनाव लड़ने की पात्रता बनी रहती है। तब से अब तक इस नियम में कोई शिथिलता नहीं दी गई है।

## भारत विकास परिषद् शाखा टोंक ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** भारत विकास परिषद् शाखा टोंक का दीपावली मिलन समारोह विवेकानंद सी. से. स्कूल टोंक में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् से किया गया। सभी दायित्वधारियों एवं सम्मानित सदस्यों का तिलक लगाकर व अंगवस्त्र द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शाखा सचिव राधेश्याम शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अशोक कासलीवाल, जिला उपसमन्वयक हितेश कुमार, बाबू लाल शर्मा व सत्य नारायण गुजर का मार्गदर्शन मिला। गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन प्रकल्प प्रमुख महेश कुमार शर्मा व संस्कार प्रभारी गोविन्द शरण गुप्ता को उनके श्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सदस्य अनिल कक्कड़ को उनके जन्मदिन पर बधाई भी दी गयी। शाखा अध्यक्ष रमेश काला ने सभी से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महेश शर्मा द्वारा किया गया।

## छात्र नेवान भारतीय गणित ओलंपियाड क्वालीफायर (आईओक्यूएम) परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** जिले के मेधावी छात्र नेवान बंसल ने एक बार फिर टोंक का नाम रोशन किया है। नेवान ने भारतीय गणित ओलंपियाड क्वालीफायर (आईओक्यूएम) 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य के शीर्ष 100 छात्रों में स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने लेवल-2 (आरएमओ) में भी क्वालिफाई किया है। नेवान डॉ. राजीव बंसल एवं शानू बंसल का पुत्र हैं। इससे पहले भी नेवान ने सीबीएसई कक्षा 10वीं में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया था। अब गणित ओलंपियाड में सफलता के साथ नेवान ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा एवं मेहनत का लोहा मनवाया है। जिलेभर में उनके इस प्रदर्शन से खुशी की लहर है। शिक्षकों एवं परिजनों ने नेवान की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## गांधी गौ-शाला में गोपाष्टमी मनाई



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** हाऊसिंग बोर्ड कालोनी वेलफेयर सोसायटी टोंक ने गांधी गौ-शाला में गोपाष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं द्वारा गाय-बचड़े की विधि-विधान से पूजा राजकुमारी शर्मा के नेतृत्व में की गयी । गायों को गुड़, खल, हरा चारा आदि खिलाया गया। विधि विधान से गाय की परिक्रमा की गयी। कार्यक्रम संयोजक अशोक कुमार गांधी ने बताया कि कार्तिक मास की शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि के दिन गोपाष्टमी भगवान श्री कृष्ण ने गौ चारण अर्थात गायों को चराना शुरू किया था। भगवान श्री कृष्ण ने सभी को गौ-सेवा का महत्व बताया, स्वयं श्री कृष्ण गायों की सेवा किया करते थे। गोपाष्टमी पर गौ पूजन से श्री कृष्ण की कृपा के साथ धन समृद्धि भी प्राप्त होती है। गाय की सेवा करने से जातक को महान पुण्य प्राप्त होता है। उसके जीवन के सभी दुखण्संतापो का नाश हो जाता है। शरीर निरोगी रहता है। घर परिवार में सुख शांति का वास होता है। धन समृद्धि यस मे वृद्धि होती है। जातक को श्री कृष्ण की प्राप्त होती है। कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष हनुमान जागिंड़, कोषाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, सचिव बद्रीलाल विजय, भागचन्द विजय, मन्जू गांधी, राजकुमारी शर्मा, राजेश विजय, भारती विजय एवं मन्जू विजय आदि मौजूद थे।

## विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक प्रदेश का मांडकला में दीपावली स्नेह मिलन आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक प्रदेश के तत्वावधान में नगरफोर्ट में स्थित मिनी पुष्कर मांडकला में आवला नवमी पर दीपावली स्नेह मिलन, सामूहिक स्नान, मांडकला घाट में दिए गए सहयोग, संघर्षकर्ताओं का सम्मान एवं महाप्रसादी का आयोजन का आयोजन 31 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे किया जायेगा। माता-बहनों के आंवला नवमी व कार्तिक स्नान, दीप दान, व्रत उपवास की व्यवस्था की गई है। टोंक प्रदेशाध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय पीपलू, कार्यक्रम संयोजक सुरेश विजयवर्गीय बिणजारी एवं सह-संयोजक कमलेश विजयवर्गीय लवादर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी होगें। अध्यक्षता देवली-उनियारा राजेन्द्र गुर्जर करेगें।

वही विशिष्ठ अतिथि महासभा अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर कोटा महेश विजयवर्गीय एवं नव-नर्वाचित अध्यक्ष नवयुवक मंडल कोटा सीताराम विजयवर्गीय पावलिया होगें।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती: एकता मार्च एवं रन फॉर यूनिटी आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सवाई माधोपुर में सरदार/150 एकता मार्च एवं रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया जाएगा।

जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे पुलिस लाइन सवाई माधोपुर से होगी, जहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण करेंगे। इसके पश्चात 7:20 बजे रन फॉर यूनिटी मार्च पुलिस लाइन से रवाना होकर कलेक्ट्रेट, डॉ. अम्बेडकर सर्किल, पुरानी ट्रक यूनियन होते हुए पुनः पुलिस लाइन में पहुंचेगा।

## गौतम ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं, निरूद्ध बंदियों से मुलाकात की

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जिला कारागृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा कारागृह में निरूद्ध बंदियों से मुलाकात कर अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। साथ ही शिकायत पेटिका को खोलकर बंदियों द्वारा की जाने वाली शिकायतों एवं रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों को प्रदान भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा उनको प्रदान मूलभूत सुविधाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 56 बंदी उपस्थित पाये गए। दौराने निरीक्षण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा कारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की एवं उपस्थित बंदीजन को बंदियों एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

निरीक्षण के दौरान ट्रेनी आरजेएस मोहित स्वामी, लक्ष्य चावला, राजनंदिनी जोधा, शैली आचार्य एवं चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, अधिकार मित्र मगनलाल मीना एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

## बाल पीड़ितों के आवेदन पत्र के संबंध में की गई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता की बैठक अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पोक्सो अधिनियम के तहत टोंक जिले के पुलिस थानों में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट में बालकों को प्रतिकर सहायता दिए जाने के संबंध में कार्यालय जिला कलेक्टर टोंक द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बाल कल्याण समिति टोंक को पत्रावली तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश द्वारा बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में चर्चा की गई एवं इस संदर्भ में प्राप्त आवेदन पत्र के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक रामरतन सौंकरिया, सहायक कलेक्टर देवेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, टोंक ब्रजेन्द्र सिंह भाटी एवं बाल कल्याण समिति सदस्य गौरव मधुरकर आदि मौजूद थे।

## उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा का किया स्वागत, किसानों की समस्याओं को लेकर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को शॉल एवं गुलदस्ता भेंट किया एवं किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की।

महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा का स्वागत किया तथा सुअरों से फसल सुरक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर चर्चा की। उन्होंने उपखंड अधिकारी मीणा को बताया कि किसानों द्वारा कई बार समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया लेकिन समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है। जिसको लेकर महापंचायत के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी मीणा को बताया कि 7 नवंबर को धरना प्रदर्शन करने की मौखिक सूचना दी। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी, उपाध्यक्ष शंकरलाल मीणा, राधाकृष्ण मीना, महामंत्री शंकर मीणा, कालूराम मीणा, महासचिव गोविंद चौधरी, कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, पहाड़ी अध्यक्ष राजाराम चौधरी व गिरिराज गुर्जर सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## साइबर ठगी का म्यूल अकाउंट पकड़ा, 6 माह में ढाई करोड़ का ट्रांजेक्शन; आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** साइबर अपराध के विरुद्ध सवाईमाधोपुर जिले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली थाना पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त एक म्यूल अकाउंट का खुलासा करते हुए विज्ञान नगर निवासी कलामुद्दीन खान पुत्र शब्बीर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाते में बीते छह माह में करीब 2.46 करोड़ के संदिग्ध ट्रांजेक्शन सामने आए हैं।

थानाधिकारी हरलाल सिंह मीणा ने बताया कि जिला साइबर सेल से प्राप्त म्यूल अकाउंट सूची के आधार पर बंधन बैंक, गुलाब बाग (जवाहर नगर) से संदिग्ध खातों की जानकारी जुटाई गई। जांच में कलामुद्दीन के खाते में भारी मात्रा में साइबर फ्रॉड से जुड़े लेनदेन की पुष्टि हुई।

**15 राज्यों में दर्ज थीं शिकायतें :** आरोपी के विरुद्ध साइबर पोर्टल पर देश के विभिन्न राज्यों में कुल 15 शिकायतें दर्ज हैं। बैंक रिकॉर्ड के अनुसार छह माह की अवधि में आरोपी के खाते में विभिन्न स्रोतों से 2.46 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर हुई, जिनमें अधिकांश साइबर ठगी से संबंधित पाई गई।

**आरोपी से पूछताछ में जुटी पुलिस :** पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़े अन्य नामों और खातों की जानकारी जुटा रही है।

### मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक, हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के द्वितीय चरण का शुभारंभ 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में किया गया है। इसमें राजस्थान भी शामिल है। इस संदर्भ में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। इससे कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं रहे। भारत के संविधान द्वारा मतदाता के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। इसके अनुसार व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए। वह 18 वर्ष से अधिक आयु का हो। निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी हो।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के इस पुनरीक्षण में 2002 की मतदाता सूचियों के आधार पर निर्वाचक मैपिंग की जा रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता के लिए परिगणना प्रपत्र (ईएफ) तैयार किए जा रहे है। इनमें मतदाता के वर्तमान मतदाता सूची में दर्शाए गए आवश्यक विवरण शामिल होंगे। इसमें मतदाता का नाम, पता, विधानसभा क्षेत्र, भाग संख्या आदि पूर्व मुद्रित रहेगा। बीएलओ प्रत्येक मतदाता को परिगणना प्रपत्र वितरित करेंगे। बीएलओ 2002 की मतदाता सूची के अनुसार मतदाता को अपने नाम अथवा अपने रिश्तेदार के नाम के साथ मिलान एवं लिंक करने में सहयोग करेंगे। परिगणना प्रपत्र में मतदाता की पुरानी फोटो पूर्व मुद्रित रहेगी। इसके पास मतदाता को अपनी नवीनतम रंगीन फोटो परिगणना प्रपत्र पर चिपकानी होगी।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के सिटिजन सेन्टर कॉर्नर से मतदाता सूचियों देखी जा सकती है। पूर्व में की गई एसआईआर के सम्पूर्ण भारतवर्ष के डाटा वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पर उपलब्ध कराए गए है। यहां मतदाता 2002 की राजस्थान की मतदाता सूची एवं अन्य राज्यों की सूचियाँ भी देख सकते हैं। बीएलओ भरे हुए परिगणना प्रपत्र मतदाताओं से प्राप्त कर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एईआरओ) को जमा कराएंगे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर कम से कम तीन बार जाएंगे तथा उन्हें परिगणना प्रपत्र भरने में सहायता करेंगे। इसे मतदाता अपने स्तर पर ऑनलाईन भी कर सकते है।उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग के अनुसार वर्तमान में कोई भी दस्तावेज मांगे जाने की आवश्यकता परिगणना चरण के दौरान नहीं होगी। परिगणना प्रपत्र जमा कराने वाले समस्त मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट रोल में शामिल होंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम रतन सौंकरिया, डीईओ सुशील कुमार अग्रवाल, आईएनसी के हरिप्रसाद बैरवा, सीपी श्रीवास्तव, जर्रार खांन, भाजपा के प्रभु बाडोलिया, बीएसपी के सूरज एवं सीपीआईएम के अख्तर जंग उपस्थित रहे।

## बसन्त विहार पार्क में चंदन के पेड़ चोरी



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। हिरणमगरी से.5 स्थित उदयपुर पर्यावरण विकास समिति ने हिरणमगरी थाने में बसन्त विहार पार्क में चंदन पेड़ चोरी होने का मामला दर्ज कराया है।

समिति अध्यक्ष सुशील बांठिया ने बताया कि गत रात्रि को चोर ने पार्क में लगे हरे-भरे 2 चंदन पेड़ काटकर ले गये और कुछ पेड़ पर कट लगाकर गये है। इससे उनके भी चोरी होने का अंदेशा है। इसे अलावा पार्क में अन्य पेड़ भी है। जिनके भी कटने की आशंका है। समिति ने थानाधिकारी से गुहार लगायी है कि चंदन चोरों का पता लगाकर पार्क में लगे अनेक पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। गत वर्ष भी इस पार्क से 20 से अधिक पेड़ अज्ञात चोर काटकर ले गये थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की प्रदेश एवं जिला इकाई द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। प्रदेश एवं जिला इकाई एवं आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह शानदार एवं आत्मीयता के साथ आज सम्पन्न हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेनजी के चित्र के समक्ष दीप प्रजल्वन करके एवं महाराजा की आरती के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति गोपाल अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल थे। जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल द्वारा सभी मंचासिन अतिथियों एवं समाज जनों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में समाज की एकता एवं सदस्यता वृद्धि पर सभी से अनुरोध किया गया। सभी समाज जनों को दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि गोपाल अग्रवाल ने समाज हित में कोई सिगनेचर प्रोग्राम करने का आव्हान किया,जिससे महासभा की प्रदेश एवं जिले में अच्छी पहचान बने। मुख्य अतिथि द्वारा अपनी ओर से महासभा का संरक्षक बनने की घोषणा की घोषणा की सहमति प्रदान की गई,जिसकी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल कार्यक्रम में की गई। कार्यक्रम में महिला समिति अध्यक्ष पुष्पलता तायल एवं महामंत्री रेखा अग्रवाल के नेतृत्व में शानदार कार्यक्रम आयोजित किये। महिला समिति द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।हाऊजी गेम का आनंद लिया गया। कार्यक्रम के अंत में महामंत्री नरेश कुमार अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## बेटी पूजा की धूमधाम से निकली बिंदौरी, गाँव में छाया उत्सव का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)**। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बडऩगर स्थित ढाणी सेढूसिंह वाली में बुधवार रात्रि को बेटी पूजा की बिंदौरी बड़ी धूमधाम से निकाली गई। पारंपरिक रीति-रिवाजों और संगीत की गूंज के बीच निकली इस बिंदौरी में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पिता भैरूलाल कुलदीप ने अपनी बेटी पूजा की बिंदौरी घोड़ी पर निकाली, जिसमें परिवारजनों और ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र सहयोग किया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगलगीत गाए, वहीं युवाओं ने नृत्य कर खुशी का इजहार किया। पूरे गाँव में उल्लास और शुभकामनाओं का माहौल बना रहा। बिंदौरी के दौरान गाँव के लोगों ने पूजा को आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गाँव के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विशाल बावा व लाल बावा ने नाथूवास गौशाला में किया गौ पूजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर बुधवार को नाथूवास गौशाला में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर विशाल बावा एवं लाल बावा गौशाला पधारे, जहां उन्होंने विधि-विधान से गौ पूजन कर समस्त पुष्टि सृष्टि को गौ माता के महत्व एवं गौ सेवा का संदेश दिया।गौशाला पहुंचने पर हेड ग्वाल नारायण गुर्जर व समस्त ग्वाल-बालों ने पुष्प वर्षा कर दोनों बावा का भावपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर सजी-धजी गौ माताओं को ग्वाल-बालों संग गौशाला परिसर में लाया गया, जहां वैष्णव जन एवं श्रद्धालुओं ने गौ माता के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।कार्यक्रम के दौरान श्री विशाल बावा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गोपाष्टमी का पर्व प्रभु श्रीकृष्ण के गौ प्रेम एवं सेवा भाव का प्रतीक है।

# 'युवाओं में एकता की भावना जगाना हमारा अहम उद्देश्य है'

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसका आगाज शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे जिला मुख्यालय पर यूनिटी मार्च से किया जाएगा। साथ ही आगामी दिनों में पदयात्रा भी निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां की जा रही है। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने गुरुवार को यहां पोस्टर विमोचन करते हुए पत्रकारों से बातचीत की।

उन्होंने बताया कि संस्थाओं के सहयोग से विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित की जा रही है। युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना इस पहल का उद्देश्य है। इसके तहत 6 अक्टूबर को मंत्रालय ने यूनिटी मार्च की शुरुआत की। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, एडीएम राजेश गोयल, सीईओ प्रकाशचंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



### युवाओं के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए निबंध व राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता होगी। इसमें 25 नवम्बर तक माय भारत पोर्टल के माध्यम से भाग ले सकते हैं। इसी तरह ऑनलाइन क्विज, पॉडकास्ट श्रृंखला आदि कार्यक्रम भी होंगे। जिला मुख्यालय सिरोही पर पदयात्रा 3 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। इससे पहले स्कूल-कॉलेज में प्री ईवेंट गतिविधियां भी होंगी।

# ठेकेदार ही बदल गए और ये बता रहे हम जांच कर रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)**। शराब ठेकों में बदलाव हुए भी छह माह गुजर गए और आबकारी महकमा नौ माह पहले पूछे गए सवालों के जवाब में जांच करना बता रहा है। चौकना लाजिमी पर हकीकत यही है। शिवगंज तहसील के ओड़ा गांव में शराब की अवैध बिक्री की शिकायत पर आबकारी महकमे के नपा-तुला जवाब आया है। अधिकारी का कहना रहा कि ओड़ा गांव में इस तरह की कोई दुकान या गोदाम नहीं है। ठीक बात है, लेकिन दिलचस्प तो यह है कि सवाल पूछे जाने के तीन माह बाद ही अप्रेल से ठेकों का नवीनीकरण या बदलाव हो गया। सवालों का जवाब इस बदलाव के छह माह बाद आया है। वैसे गोदामों की आड़ में अवैध शराब की जमकर बिक्री हो रही है और आबकारी महकमा मूकदर्शक बना हुआ है।



### यह तो उदाहरण है, जिलेभर में यही हालात

गत जनवरी माह में सवाल उठते ही इस मामले में जांच या कार्रवाई की जाती तो संभवतया अवैध शराब बिक्री का मामला पकड़ में आ सकता था। लेकिन, ऐसा नहीं हो पाया। नौ माह बाद जब वापस बैठक आयोजन होना था तब जवाब देने की खातिर नपा-तुला जवाब देकर अनुपालना रिपोर्ट भेजी गई। ऐसे में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश किस तरह लग सकेगा यह आसानी से सोच सकते है। यह स्थिति केवल ओड़ा पंचायत क्षेत्र की ही हो, ऐसा भी नहीं है। जिलेभर में कमोबेश ऐसे ही हालात है।

### बैठक में 21 जनवरी को उठा था सवाल

जिला परिषद की २१ जनवरी, २५ को आयोजित बैठक में सदस्य दलीपसिंह ने इस सम्बंध में सवाल उठाया था। उनका कहना था कि ओड़ा गांव में शराब की दुकान नहीं है वहां पर सिर्फ शराब का गोदाम है। फिर भी शराब बिक रही है, नियमानुसार कार्रवाई की जाएं।

### विभाग ने नौ महीने बाद भेजा जवाब

जिला परिषद की २९ अक्टूबर को हुई बैठक में अनुपालना रिपोर्ट पढ़ी गई। इसमें १० अक्टूबर को ही जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से भेजी रिपोर्ट के अनुसार नपा-तुला जवाब दिया गया। बताया गया कि ओड़ा में मदिरा दुकान या गोदाम संचालित नहीं है। अवैध शराब बिक्री के सम्बंध में जांच की जा रही है।

## गुजरात से मंडार आई हथियारों की खेप, तीन गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। मंडार में बीस दिन पहले मिले पिस्टल मामले का राजफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुजरात के रहने वाले हैं और हथियारों की आपूर्ति मामले में इनकी संलिप्तता सामने आई है।

पुलिस के अनुसार बीस दिन पहले कस्बे में रात्रिकालीन गश्त के दौरान एक व्यक्ति थैला फेंककर फरार हो गया था। थैले की तलाशी लेने पर उसमें से पिस्टल मिले। बाद में पुलिस ने तकनीकी आधार पर जांच शुरू की। इस दौरान संदिग्ध कार का मूवमेंट दिखा। कार सवार तीन जने आबूरोड, करोटी, मंडार होकर डीसा मोरबी जाने की बात सामने आई। पुलिस ने इन तीनों को नामजद कर दस्तियाब किया। पूछताछ में इन आरोपियों ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने इस मामले में गुजरात के मोरबी मालीया मियाणा निवासी शेर मोहम्मद पुत्र राणा भाई नोटियार, गफूर पुत्र रवाभाई नोटियार व गुजरात सूरत हाल मोरबी मालीया मियाणा निवासी सलीम पुत्र दाउद भाई संधवाली को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञातव्य है कि 8 अक्टूबर की रात को गश्त के दौरान पुलिसकर्मी को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। पीछा करने पर वह एक थैला फेंककर भाग गया। तलाशी लेने पर उस थैले में से चार पिस्टल बरामद किए गए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर पावटा में होगा भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)**। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम गृहमंत्री स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पावटा में राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम महेसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड (दूधसागर नेशनल अमूल) के तत्वावधान में कस्बे के एक निजी होटल के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में डीएसएन के राजस्थान एवं मध्यप्रदेश हेड रमेश्वर गुप्ता, ग्रुप हेड राजस्थान जोन ए प्रदीप यादव तथा एच.ए.पी.एल. के निदेशक जीतू हुल्डा विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ क्षेत्र के जुड़े दुग्ध आपूर्तिकर्ता, किसान वर्ग, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि और डेयरी कर्मी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत और बिना सहकार नहीं उद्धार की भावना को जन-जन तक पहुँचाने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान को स्मरण किया जाएगा तथा अखंडता, एकता, सहकार और आत्मनिर्भरता के संदेश के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से सैकड़ों दूध उत्पादक और किसान भाग लेंगे। इस दौरान एकता दौड़ एवं एकता मार्च का भी आयोजन होगा, जिसमें युवाओं और किसानों का उत्साह देखने लायक रहेगा।

## हिन्दुस्तान जिंक द्वारा खनन दक्षता बढ़ाने के लिए आईआईओटी संचालित फ्लीट इंटेलिजेंस का उपयोग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। भारत का एकमात्र और दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत जिंक उत्पादक, और दुनिया के शीर्ष पाँच चांदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स द्वारा संचालित एक फ्लीट इंटेलिजेंस सिस्टम के साथ स्मार्ट खनन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी की विश्वसनीयता और ऊर्जा प्रदर्शन को बेंचमार्क करने के लिए कंपनी व्यापक पहल के माध्यम से, वास्तविक समय में उपकरणों के अपटाइम, विश्वसनीयता के रुझान और ऊर्जा खपत के आंकड़ों की निरंतर निगरानी कर रही है। ये पूर्वानुमानित अंतर्दृष्टि सक्रिय रूप से संचालन को अनुकूलित कर रही हैं, निर्बाध प्रदर्शन को सक्षम कर रही हैं और ऊर्जा उपयोग को तेजी से अनुकूलित कर रही हैं। यह दक्षता मशीन के जीवनकाल और समग्र उत्पादकता को बढ़ाती है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों , वित्त वर्ष 24 से वित्त वर्ष 26 में, इस डेटा-संचालित दृष्टिकोण ने प्रमुख उपकरण श्रेणियों में महत्वपूर्ण और मापनीय सुधार किए हैं। जंबो ड्रिलिंग मशीनों ने विश्वसनीयता और अपटाइम में 28 प्रतिशत सुधार हासिल किया है और अधिक निरंतरता के साथ लंबे समय तक काम किया है। लोड हॉल डंपर्स ने अपटाइम में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि लो-प्रोफाइल डंप ट्रक ने 27 प्रतिशत से अधिक का सुधार दिखाया है। दक्षता में भी सुधार हुआ है, जैसा कि पावर पैक से पर्क्यूशन अनुपात में परिलक्षित होता है, जहाँ कम मान समतुल्य आउटपुट के लिए अनुकूलित ऊर्जा उपयोग को दर्शाता है। जंबो मशीनों के लिए, यह अनुपात 3.8 से बढक़र 3.4 हो गया, जो परिष्कृत नियंत्रण और उच्च ऊर्जा दक्षता को दर्शाता है। ये परिणाम कंपनी की मजबूत रखरखाव संस्कृति, अनुशासित संचालन और उपकरण प्रदर्शन के साथ डिजाइन उत्कृष्टता के संरेखण को रेखांकित करते हैं।



केकू केकू केकू केकू केकू केकू

# बिना वैध फिटनेस एवं टैक्स जमा कराये संचालित वाहनों के पंजीकरण निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय, राजसमंद द्वारा बिना वैध फिटनेस एवं बिना टैक्स जमा कराये संचालित 425 भार वाहनों के वाहन स्वामियों को मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53(1)(ड्ड) के तहत नोटिस जारी कर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु निर्देशित किया गया था। किंतु नोटिस के प्रस्तुतिकरण के पश्चात भी अधिकांश वाहन स्वामी निर्धारित अवधि तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए।कार्यालय के अधीनस्थ उडऩदस्तों द्वारा सतत जांच अभियान चलाकर उक्त वाहनों के संचालन की जांच की जा रही है। बिना फिटनेस एवं बिना टैक्स जमा कराये संचालित वाहनों के पंजीकरण प्रमाण पत्र को मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53(1)(ड्ड) के अंतर्गत नियमानुसार निलंबित कर वाहन पोर्टल पर ब्लॉकलिस्ट कर दिया गया है।साथ ही कार्यालय द्वारा जिले में संचालित विभिन्न बस बॉडी निर्माताओं के विरुद्ध विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि कुछ निर्माताओं द्वारा वाहनों का विनिर्माण ्रद्बस्ः052, ्रद्बस्ः019 एवं मोटर वाहन अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं में तय मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त कुछ बस बॉडी निर्माताओं के पास वैध व्यवसायिक प्रमाण पत्र भी नहीं पाया गया। ऐसे बॉडी निर्माताओं को निर्देशित किया गया है कि वे बिना निर्धारित मानक एवं बिना वैध प्रमाण पत्र के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करें।उक्त आदेश की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित बॉडी निर्माताओं के प्रमाण पत्र निरस्त कर नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



## धूमधाम से मना गोपाष्टमी पर्व, गौसेवा और भक्ति में डूबा नगर



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)**। क्षेत्रभर में गोपाष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे सहित आसपास के गाँवों की गौशालाओं में भक्ति और सेवा का माहौल बना रहा। श्रीकृष्ण गौशाला पावटा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गौमाता की भव्य झांकी सजाई गई, जिसे गोपाल भैया मंदिर के महंत मोहनदास रामायणी के सानिध्य में नगर के मुख्य मार्गों से भक्ति यात्रा के रूप में निकाला गया। माताओं-बहनों ने गौमाता की पूजा-अर्चना की और हरा चारा, गुड़ व रोटियाँ खिलाकर गौसेवा का पुण्य अर्जित किया। शाम को महाआरती और महाप्रसाद के साथ गोपाष्टमी पर्व का समापन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. विशाक्षा शर्मा, विमल गर्ग, मनोज गोयल, संतोष गुप्ता (गोपाल मोटाका), बिरजू गोयल, विनोद बागावास, मि_लाल, संजय खुटेटा, लालचंद खंडेलवाल, रमेश कुमावत, राजेश छोटेलाल, दिलीप अग्रवाल, केशव छीतौली, अरविन्द गर्ग, नरेश खंडेलवाल, अनूप गर्ग, बबलू गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अस्पताल परिसर की नवनिर्मित सीसी रोड का किया अवलोकन, माणिक्य नगर की ओर नया गेट खोलने के निर्देश

# विधायक कोठारी ने किया एमजी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने गुरुवार दोपहर महात्मा गांधी चिकित्सालय (एमजीएच) परिसर का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों को गति दी। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले अस्पताल में विधायक की अनुशंषा पर 1.80 करोड़ की लागत से चल रहे सडक निर्माण कार्यों का जायजा लिया और उनकी गुणवत्ता व प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को असुविधा न हो। विधायक कोठारी ने आउटडोर के विभिन्न विभागों में जाकर उपलब्ध सुविधाओं का फीडबैक लिया, साथ ही निर्माणाधीन मल्टीस्पेशलिटी बिल्डिंग की प्रगति की गहन जानकारी ली और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने बहिरंग रोगियों की लम्बी कतार को देखते हुए 2 नये पर्ची वितरण काउण्टर बढ़ाने के लिए प्रमुख चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये। औचक निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए , जिनसे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। मरीजों की सुविधा के लिए सबसे बड़ी बात यह रही कि अस्पताल परिसर में माणिक्यनगर रोड स्थित एक और द्वार खोला जाएगा ताकि नेहरू रोड व रोडवेज बस स्टेण्ड आर के. आर सी व्यास कॉलोनी की ओर से आने वाले लोगों को अस्पताल पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो। विधायक कोठारी ने निर्देश दिये कि चिकित्सालय परिसर में साइकिल स्टैंड के पास स्थित बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स को भी जल्द ही हटा कर अन्यत्र स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे अस्पताल की विद्युत लाइनें सुरक्षा की दृष्टि से अंडरग्राउंड की जाएंगी और अस्पताल के डीजी सेट को भी अन्यत्र उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में मौसमी बीमारियों के कारण अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए, विधायक कोठारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को समय पर इलाज, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और जांच सुविधाओं को सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

इस मौके पर महात्मा गांधी चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण गौड़, डॉ सिराज, नर्सिंग प्रभारी मुकुटराज सिंह, नंदगोपाल शर्मा, लक्की ब्यावट, अनिल छाजेड,. सार्वजनिक निर्माण विभाग के साहिल शर्मा, आर्किटेक्ट विमल सिसोदिया, विधायक कार्यालय से गजेन्द्र सिंह राठौड़, एडवोकेट राघव आचार्य, कमल कोठारी, एडवोकेट अर्पित कोठारी, बाबू लाल टाक, सत्य नारायण गूगड़, दिनेश सुथार, दिलीप सोनी, करण सिंह आदि साथ थे।

# लोकतंत्र की नींव को सुदृढ़ करने को तैयार जिला प्रशासन




**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर कमल राम मीना ने दिए पारदर्शिता व समयबद्धता के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कमलराम मीना की अध्यक्षता में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें एसआईआर मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए कि यह कार्य पूर्ण समर्पण, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए — किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों से संवाद कर बूथ लेवल प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।मतदाता सूची की पारिवारिक मैपिंग का कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला स्तर पर आईटी सेल गठित किया गया है, जो प्रतिदिन दोपहर 3 से 5 बजे तक तकनीकी समस्याओं का समाधान करेगा कलेक्टर ने सभी बीएलओ को के माध्यम से कार्य समयबद्धता और सटीकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा यह पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## सरदार 150 एकता मार्चःझालावाड़ जिले में राष्ट्रीय एकता की जागेगी अलख, 10 व 15 नवम्बर को होंगी पद यात्राएं



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़,(का.स.)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में माई भारत के तहत आयोजित सरदार150 एकता मार्च के जिला स्तरीय चरण की औपचारिक शुरुआत गुरूवार को झालावाड़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता पूर्व आरपीएससी चेयरमेन श्याम सुंदर शर्मा ने की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजय जैन, जिला खेल अधिकारी कृपाशंकर शर्मा, तथा हर्षित शर्मा (एनएसएस) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

श्याम सुंदर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरदार/150 एकता मार्च की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि झालावाड़ जिले में दो पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें पहली पदयात्रा 10 नवंबर 2025 को मिनी सचिवालय से खेल संकुल तक (लगभग 8-10 किमी) व दूसरी पदयात्रा 15 नवंबर 2025 को भवानीमंडी में आयोजित की जाएगी।

जिला युवा अधिकारी दिनेश जांगिड़ ने बताया कि इन पदयात्राओं का आयोजन जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जा रहा है।

**पदयात्रा का उद्देश्य :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता के प्रण को साकार करते हुए, ये पदयात्राएँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने से जुड़ी हैं।

पदयात्रा से पूर्व स्कूलों-कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी जैसी प्री-इवेंट गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। झालावाड़ की अमृत पीढ़ी से अपील है कि वे इस ऐतिहासिक अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाएँ।

## ब्यावर के समाजसेवी देवराज लोढ़ा को इंदौर में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** नगर के प्रख्यात समाजसेवी और जैन दिवाकर संघ ब्यावर इकाई के अध्यक्ष सुश्रावक देवराज लोढ़ा को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री जैन दिवाकर गुरु प्रताप रमेश राष्ट्रीय अवार्ड एवं श्री जैन दिवाकर गुरु मोहन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा यह सम्मान 2 नवम्बर को इंदौर में आयोजित जन्म दीक्षा जयंती गुणानुवाद समारोह में संत श्रुत मुनि सा, प्रमोद मुनि सा, राजेश मुनि सा, साध्वी रमणीक कुंवर जी, कल्पलता जी एवं रश्मि श्री जी की पावन निश्रा में प्रदान किया जाएगा वर्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के महामंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने बताया कि लोढ़ा का यह सम्मान संस्था और नगर दोनों के लिए गर्व का विषय है। समाज के वरिष्ठ श्रावक सम्पतराज छल्लाणी, चंद्रूलाल कोठारी, हेमन्त बाबेल, गौतमचंद छल्लाणी, नोरतमल बाफना, दीपक बाफना, महेंद्र सांखला सहित अनेक पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए लोढ़ा परिवार को बधाई दी।

## श्रीराम मंडल सेवा संस्थान बनायेगा आनन्द कृष्ण गौशाला सुरास मे 2500 स्वा. फीट शेड, किया भूमि पूजन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्रीराम मंडल सेवा संस्थान द्वारा गोपाष्टमी के पावन अवसर पर आनन्द कृष्ण गौशाला सुरास में भूमि पूजन लाल महाराज के सानिध्य में अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता व स्नेहलता मोहता ने पंडित राम चरण शर्मा के द्वारा विधि विधान से किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रामोतार शर्मा ने बताया की संस्थान द्वारा 2500 स्क्वायर फीट का शेड गौमाताओ के लिए बनाया जायेगा जिसका कार्य जल्दी चालू होगा, गौमाता की पूजा अर्चना आरती की गई, गायों को गुड़ खिलाया गया। अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता ने कहा कि गो सेवा से बड़ी कोई दूसरी सेवा नहीं है। गोशाला में शेड बनने से सडक़ों पर घूम रही गायों को गोशाला में पर्याप्त जगह मिल सकेगी। हमें अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा निकाल कर गो सेवा के लिए अवश्य दान करना चाहिए।

## शीतलगच गच्छ यश गुरूणी प्रोत्साहन महिला मंडल ने स्नेह, हंसी और उमंग के संग मनाया दीपावली स्नेह मिलन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** दीपों की रौशनी, स्नेह की गर्माहट और हंसी की गूंज से यश विहार प्रांगण मंगलवार को जगमगा उठा, जब शीतल गच्छ यश गुरूणी प्रोत्साहन महिला मंडल की बहनों ने मिलकर दीपावली स्नेह मिलन का उल्लासपूर्ण आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र जाप, यश चालीसा और मंगल प्रार्थना से हुई। मण्डल की अध्यक्ष रेखा नानेचा ने आत्मीय शब्दों में सभी बहनों का स्वागत किया। कार्याध्यक्ष नीता बाबेल ने बहनों का अभिनंदन करते हुए स्नेहभरे रिटर्न गिफ्ट भेंट किए, जिससे दीपोत्सव की मिठास और बढ़ गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में हेमलता खेराडा, मंजू बाफना और कविता सूर्या ने परंपरागत कंकू टीका और गुड़ मांगलिक से स्वागत कर कार्यक्रम को मंगलमय स्वरूप दिया। लाड मेहता, अन्नू बाफना, रजनी सिंघवी, वंदना लोढ़ा और कोषाध्यक्ष मैना बाफना के संयोजन में तंबोला, चम्मच रेस और रिंग गेम जैसे रोमांचक खेलों ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंत्री राखी खमेसरा ने बताया कि आयोजन मंजू पोखरना और बलवीर चोरडिया के निर्देशन में संपन्न हुआ। समारोह में दिनेश गोखरू, सुशील चपलोत, भूपेन्द्र पगारिया, विनोद चौधरी और श्याम चौहान जैसे गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने महिला मण्डल की गतिविधियों की सराहना की। कार्याध्यक्ष नीता बाबेल ने बताया कि बड़ी संख्या में बहनों की सक्रिय भागीदारी के साथ स्नेह मिलन कार्यक्रम यादगार बन गया। कार्यक्रम में रश्मि लोढ़ा, दीपा सिसोदिया, सरिता खमेसरा, हर्षा खमेसरा, मधु कोठारी, सुमन चण्डालिया, कल्पना पगारिया, मंजू चपलोत, कविता चपलोत, साधना भण्डारी, शकुंतला अंचलिया, अंजु रांका, संजू रांका, कान्ता सोनी, अंगूरबाला पीपाड़ा, बिंदु धूपिया, प्रकाश बाबेल, इन्दु लोढ़ा, सुनिता बोरदिया, रेखा चौधरी, अंजु भण्डारी, सुशीला बिलवाडिया, अमिता खारीवाल, विनिता पोसवालिया, मधु सिसोदिया, सुशीला गोखरू, निशा कांकरिया सहित कई बहने उपस्थित रही।

मुआवजे के संबंध में शर्मा ने कलेक्टर से की वार्ता

# किसानों को तत्काल मुआवजा दे सरकार : हरिमोहन शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने अभी हाल ही हुई सोमवार व मंगलवार को लगातार 2 दिनों से हुईं वर्षा के कारण बूंदी जिले सहित विशेष रूप से बूंदी विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य सरकार से तत्काल फसल खराबे का आकलन करवा कर मुआवजे देने का अनुरोध किया! शर्मा ने कहा की पिछले दिनों जब बूंदी जिले में बाढ़ के हालात बने और बूंदी विधानसभा क्षेत्र के ख्यावदा पचायत एवं देलुन्दा पचायत की बाडी बस्ती में सैकड़ों मकान गिर गए, पशु मर गए और खादय सामग्री एवं अन्य सामान नष्ट हो गए उसका भी राज्य सरकार अभी तक उचित मुआवजा नहीं दे पायी। शीघ्र राज्य सरकार कलेक्टर द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार विधानसभा सहित पूरे बूंदी जिले में उपयुक्त धनराशि उपलब्ध करा कर बाढ़ पीडि़तों को मुआवजा दें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी! पूरे प्रदेश में लगातार हुईं 2 दिनों से बारिश के चलते किसानों की फसल खेतों में ही पड़ी हुई है इस कारण किसानों की पूरी फसल खेतों में पानी भर जाने के कारण बर्बाद हो गई है और पूरे साल की किसानों की मेहनत पानी के साथ बह गई है। इस संबंध में शर्मा ने जिला कलेक्टर बूंदी से वार्तालाप कर शीघ्र फसल खराबे का आकलन करवाकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजकर तत्काल मुआवजा दिलाने हेतु निर्देशित किया! बूंदी कलेक्टर ने वार्ता के दौरान बताया कि राज्य सरकार को बाढ़ के समय हुई फसल खराबे एवं नुकसान का आकलन करवारकर प्रस्ताव भेज दिया गया है उसमें से कुछ मकानों की राशि तो आ गई है उसकी प्रक्रिया चल रहा है लेकिन पूर्णतया मकान एवं फसल खराबे की राशि अभी राज्य सरकार के पास से नहीं आई है! साथ ही शर्मा ने दीपावली के दिन पटाखे विवाद में बदमाशों द्वारा चाकू से हुई विष्णु सैनी की हत्या पर मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता को से 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रस्ताव भिजवाने के लिए भी कहा।

## 'जल ही जीवन हैं' विषय पर समूह चर्चा का आयोजनः जल संरक्षण और नई पेयजल प्रणाली पर जागरूकता

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) द्वारा जल ही जीवन है विषय पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण समूह चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य कर रही आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत हीरामन जी का चौक, वार्ड नंबर 37 में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य परियोजना के बारे में आमजन को जागरूक करना तथा जल संरक्षण के महत्व पर ज़ोर देना था। कार्यक्रम में कैप-आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने आमजन को संबोधित किया। उन्होंने नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नई पाइपलाइन के माध्यम से पानी पर्याप्त मात्रा में और पूर्ण प्रेशर से मिलेगा। मुदगल ने विशेष रूप से महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि पानी सीमित है, इसका आवश्यकतानुसार ही उपयोग करें व पानी की एक-एक बूंद बचाएँ। आज की बचत कल का भविष्य है।

# निबन्ध प्रतियोगिता में सफलतम प्रतिभागियों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़,(का.स.)।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित की गई निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के सम्मान हेतु गुरूवार को मिनी सचिवालय के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अजय सिंह राठौड़ के साथ कॉफी विद डीईओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गत 8 सितम्बर को ''मतदाता शिक्षा महत्वपूर्ण है'' विषय पर कॉलेज ईएलसी के माध्यम से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे ग्राम गादिया निवासी निर्मल कुमार जो कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झालावाड़ में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चौमहला की तृतीय वर्ष की छात्रा दीक्षा झाला को निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी राठौड़ ने बच्चों को मतदाता जागरूकता एवं इसके महत्व के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता का जागरूक होना अति आवश्यक है। मतदाता को उसके मत की उपयोगिता एवं निर्वाचन में खड़े होने वाले प्रत्याक्षी के बारे में विस्तृत जानकारी होना जरूरी है, तभी वह अपने व अपने समाज के लिए उपयुक्त प्रत्याक्षी का चुनाव कर सकेगा। इस दौरान उन्होंने बच्चों को भविष्य में बेहतर करियर के चुनाव एवं उसके लक्ष्यों की प्राप्ति के बारे में मागदर्शन दिया। साथ ही बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता, आगामी शिक्षा व करियर संबंधी प्रश्न जिला निर्वाचन अधिकारी से पूछे गए जिनका उन्होंने सुगमता से प्रतिउत्तर देकर बच्चों की जिज्ञासाओं को दूर किया।

शहरवासियों और व्यापारियों ने रखी समस्याएं, ओएसडी दत्ता ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

# सर्किट हाउस में सामाजिक संगठनों ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन समारोह लोकसभा अध्यक्ष ओएसडी राजीव दत्ता का हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर के सामाजिक संगठनों द्वारा गुरुवार को सर्किट हाउस में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओएसडी राजीव दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जिनका शहरवासियों और व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया।

भव्य स्वागत और आतिशबाजी

ओएसडी राजीव दत्ता के सर्किट हाउस पहुंचने पर पूर्व सभापति महावीर मोदी और समाजसेवी महावीर जैन की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया। शहरवासियों ने सर्किट हाउस के बाहर जोरदार आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और ओएसडी दत्ता को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

**समस्याओं पर चर्चा और आश्वासन :** शहरवासियों और व्यापारियों ने ओएसडी दत्ता को शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया और ज्ञापन सौंपे। इस पर ओएसडी दत्ता ने सभी समस्याओं का जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। समाज के लोगों ने भी उन्हें ज्ञापन सौंपे।

**स्नेह मिलन और शुभकामनाएं :** ओएसडी दत्ता ने सभी शहरवासियों को दीपावली की राम राम कहकर शुभकामनाएं दीं और सभी का मुंह मीठा करवाया। उन्होंने इस अवसर पर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और अनुजों को गले लगाया, जिससे कार्यक्रम में एक आत्मीय माहौल बन गया।

इस स्नेह मिलन समारोह में सभापति सरोज अग्रवाल, महामंत्री राधेश्याम गुर्जर, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, सर्राफा संस्थान अध्यक्ष मोजी नुवाल, भरत शर्मा, जीपस पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व उपजिला प्रमुख बृजबाला गुप्ता, ओम धगाल, मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन, पूर्व छात्र संघ सचिव अशोक शर्मा, राजेंद्र जैन रानीपुरा, जगदीश राजपुरोहित, अजय त्यागी, गौरव वर्मा, राजेंद्र दाधीच, राजेंद्र नरूका, रवि जैन, मनोज जांगिड़, मनोज गौतम, निर्मल मालव, संजय भूटानी, दिलीप सिंह, कमलेश रेगर, मुरली मनोहर नागर, रवि शर्मा, अनिल शर्मा, जसविंदर सिंह, सुनील जैन, संजय शर्मा, सहित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य, व्यापारी और शहरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सरदार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर बिजली घर से रवाना होगी रन फॉर यूनिटी

### अधिकाधिक जन सहभागिता करें सुनिश्चित- घनश्याम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** देश के प्रथम गृह मंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 150वीं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाए। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय भावना को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इसमें स्टाफ के साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करायें। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ 31 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे बिजली घर से होगा, जो कलेक्ट्रेट, यातायात चौराहा, मल्टीपरपज स्कूल, मानसिंह चौराहा होते हुए पुनः बिजली घर पर समाप्त होगी। इस दौड़ में जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, विद्यार्थी, शिक्षक, खेल प्रेमी, स्काउट-गाइड, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, महिलाएं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, प्राथमिक उपचार, ध्वनि व्यवस्था एवं स्वच्छता की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को छात्रों एवं स्काउट-गाइड्स के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने, जबकि नगर निगम सचिव को पेयजल, साफ-सफाई एवं प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि वे आवश्यकता अनुसार शारीरिक शिक्षिक नियुक्त करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

**सभी विभागों के कार्मिक भाग लेगें :** अतिरिक्त कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्टॉफ के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाग लेगें तथा अनय लोगों को भी प्रेरित करेंगे। इस दौरान सहायक निदेशक लोकसेवाएं भारती भारद्वाज, जिला परिवहन अधिकारी अभय मुद्गल, नगर निगम सचिव विजय प्रताप सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनित शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुरेन्द्र गोपालिया, टीआई अजय सिंह मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने किया गापोष्टमी पर गोमाताओं का पूजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** गोपाष्टमी के महापर्व पर जिले की सबसे प्राचीन व बडी गौशाला गढी सांवलदास पर भरतपुर के जिला कलक्टर कमर चौधरी ने प्राचीन मूर्ति श्री लालजी महाराज का महाअभिषेक किया और गोमाताओं का पूजन किया। उसके गौशाला पर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 5000 लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

गौपूजन करने वालों में बीजेपी की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, अतिरिक्त निदेशक पशुपालन, संयुक्त निदेशक कृषि विभाग, उप निदेशक आयुर्वेद के साथ कई जिला प्रशासन के अधिकारी, उेगपति, व्यापारियों ने गौपूजन कर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की।

## डॉ. गर्ग ने 5 गांवों में सड़क, नाली व अन्य विकास कार्यों के लिये करीब 24 लाख किये स्वीकृत

### ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये संकल्पित होकर डॉ. गर्ग कर रहे विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की खराब पडी सडकों को दुरूस्त कराने के साथ ही अन्य विकास कार्यों को गति देते हुये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने पांच गांवों में विकास के लिये करीब 24 लाख रुपये की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की है।

डॉ. सुभाष गर्ग ने घुस्यारी ग्राम पंचायत के गांव सूती में सीसी सडक एवं नालियों के निर्माण के लिये विधायक निधि से 9 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की है। इस राशि से गांव की खराब पडी सडकों पर सीमेंट इंटरलॉकिंग ईंट खरंजा के कार्यों के अलावा नालियों का निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने ऊंदरा पंचायत के गांव ऊंदरा के राजकीय विद्यालय में सीमेंट इंटरलॉकिंग ईंट खरंजा, नाली निर्माण के साथ ही अन्य कार्यों के लिये करीब 6 लाख रुपये की राशि मंजूर की है।

डॉ. गर्ग ने क्षेत्र के विकास को आगे बढाते हुये उन्होंने खैमरा ग्राम पंचायत के गांव भिरीगंज में सडकों के निर्माण के लिये 6 लाख रुपये की राशि जारी की है। डॉ. गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इकरन में विभिन्न खराब हुई सडकों के निर्माण के लिये भी 3 लाख रुपये की राशि खर्च करने की अनुशंषा दी है। इन गांवों की सडके तथा नालियों के निर्माण होने से ग्रामवासियों को जलभराव की समस्या से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी साथ ही उनका आवागमन सुगम हो सकेगा।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में पुलिस की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। निहालगंज थाना क्षेत्र की मोहन कॉलोनी से 28 अक्टूबर को एक युवक की बाइक चोरी हो गई, लेकिन पीडित द्वारा सीसीटीवी फुटेज और सबूत देने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पीडित प्रकाश मीणा ने बताया कि 28 अक्टूबर की दोपहर करीब 1 बजे उनके घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी हो गई थी।

उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और पेटीएम ट्रांजेक्शन की रसीद पुलिस को सौंप दी, लेकिन निहालगंज थाना पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की।

### उत्सव और उत्साह शरद महोत्सव पर अव्यवस्थाओं के काले बादल छाए

# शरद मेला 5 दिन बाद भी प्रारंभ नहीं, ठेकेदार ने 59 लाख जमा नहीं कराए, नप ने पल्ला झाड़ा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** शहर के उत्सव और उत्साह शरद महोत्सव पर अव्यवस्थाओं के काले बादल छाए हैं। मेला ठेकेदार और नगर परिषद के बीच तू डाल-डाल मैं पात-पात की कुश्ती चल रही है। मेला 25 से प्रांरभ होना था, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी मेले में हलचल नहीं है। क्योंकि ठेकेदार ने शेष राशि 59 लाख रुपए जमा नहीं कराए हैं। इसलिए नगर परिषद ने भी व्यवस्थाओं और सहयोग से हाथ खींच लिए हैं। मसलन, सफाई किए बिना ही जेईएन ने रिकार्ड में मेला मैदान को साफ दिखा दिया। लेकिन इसका खामियाजा शहर को भुगतना पड़ रहा है। इस साल शरद महोत्सव मेला शुभारंभ से पहले ही फीका पड़ता नजर आ रहा हैं। जिसकी मुख्य वजह नपा अधिकारियों आऔर मेले का टेंडर लेने वाले ठेकेदारों के बीच चल रही रस्साकसी हैं। जिसकी गूंज उच्च अधिकारियों तक भी पहुंच चुकी हैं। लेकिन शरद महोत्सव मेले को लेकर जिला प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नजर नही आ रहा हैं।

शरद महोत्सव मेले के शुभारंभ में हो रही लेटलतीफी को लेकर ठेकेदार राम शर्मा ने बताया कि मेले को लेकर नगर परिषद बिल्कुल भी गंभीर नही हैं। नगर परिषद के अधिकारी फर्म पर सिर्फ बकाया धनराशि जमा कराने के दबाव बनाने में जुटे हैं। जबकि फर्म टेंडर होने के बाद 22 लाख रुपए का भुगतान कर चुकी हैं, इसके एवज में नगर परिषद ने 2 लाख रुपए कीमत के विकास कार्य भी मेला ग्राउंड पर नही किए हैं। हालात यह है कि मेला ग्राउंड की गंदगी को हम स्वयं के रुपयों से उठवा कर डलवा रहे हैं। मेला ग्राउंड में व्याप्त गंदगी को साफ कराने के लिए नगर परिषद को शिकायत सौंपी गई थी। जिस पर जेईएन खेमराज मीणा ने सफाई की झूठी रिपोर्ट दर्ज कर दी, जबकि मेला ग्राउंड पर हालात बद से बदतर बने हुए हैं। इन हालातों में हम मेला कहां और कैसे लगा दे। अभी तक मेले के कार्यक्रमों का शेड्यूल तक तैयार नही हुआ हैं। मंच के आगे कीचड़ का दलदल बना हैं। शुभारंभ में आने वाले अतिथियों को बैठाने तक की व्यवस्था नही हैं।

प्रत्येक साल शरद पूर्णिमा तिथि से शहर का परंपरागत शरद महोत्सव मेला भरने लगता था। लेकिन इस साल शरद पूर्णिमा तिथि पर मेले का विधिवत भूमि पूजन होने के बाद भी धरातल पर तैयारियां शून्य नजर आ रही हैं।

बता दे कि शरद महोत्सव मेला 2025 की टेंडर बोली गतवर्ष की अपेक्षा 1 लाख 29 हजार रुपए कम में उठी, मध्यप्रदेश की फर्म कृष्णा इंटरप्राइजेज को 81.71 लाख रुपए में इस साल शरद महोत्सव मेले का ठेका मिला। बोली के दिन फर्म ने 22 लाख रुपए की धनराशि नगर परिषद के कोष में जमा कराई थी, बकाया धनराशि का भुगतान फर्म को मेला शुरु होने के तीन दिवस पहले करना था।

नियमानुसार नगर परिषद ने मेला शुरु होने की तिथि 25 अक्टूबर नियत की थी, इस हिसाब से फर्म को 25 अक्टूबर से पहले बकाया धनराशि का भुगतान करना था। जो अब तक नहीं किया गया हैं। ठेकेदार फर्म की हठधर्मिता को देखकर नगर परिषद ने मेला ग्राउंड की व्यवस्थाओं में समय पर सुधार नहीं किया।

#### इनका कहना

मेरे द्वारा कल ही नगर परिषद धौलपुर का चार्ज ग्रहण किया गया हैं। मेला ग्राउंड पर जो भी अव्यवस्था हैं, वह जल्द दुरुस्त करा दी जाएगीं। वहीं ठेकेदार फर्म ने बकाया धनराशि जमा नही कराई है, तो आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कर्मवीर सिंह,** एसडीएम व आयुक्त अतिरिक्त प्रभार नप धौलपुर

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस वार्ता में दी विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी

## 4 नवबंर से 4 दिसंबर तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का होगा कार्य होगा-जिला निर्वाचन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला पूरी तरह तैयार हैं। फेज-2 में 12 राज्यों में एसआईआर प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें राजस्थान भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में 28 अक्टूबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी।

उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवबंर 2025 तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। 9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस फेज रहेगा जिसमें सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 942 मतदान केन्द्र तथा 9 लाख 17 हजार 846 मतदाता जिनमें 4 लाख 89 हजार 482 पुरूष मतदाता, 4 लाख 28 हजार 356 महिला मतदाता एवं 8 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल है। बीएलओ ऐप के माध्यम से 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं की 86.82 प्रतिशत मैपिंग हो चुकी है। साथ ही 40 वर्ष से कम आयु के मतदाताओं की 44.28 प्रतिशत मैपिंग हो चुकी है। ईसीआइनेट पर कुल 61.38 प्रतिशत मैपिंग हो चुकी है। ईसीआइनेट पर राजस्थान राज्य की औसत मैपिंग से जिले की औसत मैपिंग ज्यादा है।

**राजनैतिक दलों एवं मीडिया की सहभागिता :** मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित सभी बिंदुओं से अवगत कराया जाएगा। बीएलए नियुक्ति की स्थिति एवं बीएलए-2 की भूमिका पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही अधिक से अधिक सहभागिता के लिए भी अनुरोध किया जाएगा, जिससे निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनी रहे।

जिला स्तर पर मीडिया सेल गठित किए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में केवल जिला निर्वाचन अधिकारी ही जिला स्तर पर अधिकृत प्रवक्ता होंगे। नियमित प्रेस विज्ञप्ति एवं सोशल मीडिया अपडेट जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं पंचायत स्तर पर ऑनलाइन आवेदन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क राजकुमार मीणा सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## बाड़ी अस्पताल में दो माह से डायलिसिस बंद

### मशीन से जुड़ा आरओ सिस्टम खराब, मरीज हो रही है भारी परेशान

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी के सामान्य अस्पताल में पिछले दो महीने से डायलिसिस की सुविधा बंद है। आरओ सिस्टम खराब होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सुविधा करीब नौ महीने पहले पीपीपी मोड पर शुरू की गई थी। इस सुविधा से किडनी संबंधी बीमारियों से पीडित मरीजों को काफी लाभ मिल रहा था। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के वे मरीज, जिन्हें पहले डायलिसिस के लिए जयपुर, आगरा या ग्वालियर जाना पड़ता था, उन्हें अब यहीं इलाज मिल रहा था। हालांकि, उचित रखरखाव के अभाव में सात महीने के भीतर ही डायलिसिस मशीन से जुड़ा आरओ प्लांट खराब हो गया। इसके चलते पिछले दो महीने से यह महत्वपूर्ण सुविधा ठप पड़ी है।

कायस्थ पाड़ा निवासी रामबरन शर्मा ने बताया कि उन्हें हर सप्ताह डायलिसिस के लिए धौलपुर और आगरा जाना पड़ता है। यदि यह सुविधा सुचारू रहती तो उनका समय और पैसा दोनों बचता। अस्पताल के नर्सिंग अधिकारी और डायलिसिस कक्ष के प्रभारी पवन राघव ने बताया कि डायलिसिस मशीन का आरओ प्लांट खराब हो गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने संबंधित फर्म रिनल प्रोजेक्ट मुंबई को शिकायत भेजी है। फर्म के मैनेजर ने जल्द ही आरओ प्लांट को ठीक करने का आश्वासन दिया है। प्लांट ठीक होने के बाद ही मरीजों की डायलिसिस दोबारा शुरू हो पाएगी। फरवरी माह से शुरू हुई इस सुविधा से बाड़ी शहर के साथ बसेड़ी, सरमथुरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 25 से 30 मरीजों को हर महीने लाभ मिल रहा था। फर्म द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण अब ये मरीज फिर से बाहर जाने को मजबूर हैं।

## प्रदेश में भवन-सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए कल से विशेष अभियान

### मुख्य सचिव ने वीसी में दिए कलक्टर्स को सघन मॉनिटरिंग के निर्देश

बढ़ता राजस्थान


**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में भवन और सडक़ निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए शनिवार से प्रदेशभर में एक माह तक 'सघन निरीक्षण अभियान' संचालित होगा।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में इस अभियान में सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, स्वायत शासन विभाग और समग्र शिक्षा अभियान से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण समितियों के गठन के बारें में आदेश जारी किया है।

इस संबंध में मुख्य सचिव ने गुरुवार को शासन सचिवालय से वीसी के माध्यम से सभी जिला कलेक्टर्स को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप उक्त अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

## भरतपुर के जलकुंडों में कार्मोरिंट का सुंदर खेल

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** मानसून की बरसात के बाद शहर के आसपास बने जल भराव वाले इलाके इन दिनों एक खूबसूरत नजारा पेश कर रहे हैं। दर्जनों कार्मोरेंट पक्षी काले चमकदार पंख, लंबी गर्दन और तेज चोंच वाले ,पानी में तैरते, सिर डुबोकर मछलियाँ पकड़ते और कभी-कभी मुंह में चमकदार मछली दबाकर उड़ान भरते दिखाई दे रहे हैं। कभी ये एक लंबी कतार में तैरते हैं, तो कभी अचानक पानी से उछलकर पंख फैलाते हैं। मानो प्रकृति का अपना नृत्य हो। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीपक मुदगल ने सुबह के सुनहरे पलों को कैमरे में कैद किया। उन्होंने कहा कि, केवलादेव उद्यान के बाहर छोटे तालाबों और जल भराव के क्षेत्रों तक पहुँचना आसान नहीं था, लेकिन पक्षियों की सहजता देखकर सारी मेहनत सफल हुई। घंटों इंतजार के बाद ये तस्वीरें मिलीं।

भरतपुर के वरिष्ठ वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर कैलाश नवरंग ने भी इस नजारे पर अपनी नजरें टिकाई हैं। वे कहते हैं, भरतपुर के ये जलकुंड पक्षियों का प्राकृतिक आश्रय हैं। कार्मोरेंट जैसे पक्षी देखकर लगता है कि हमारी जैव विविधता अभी भी जीवित है। हम दोनो वर्षो से वन्यजीव फोटोग्राफी कर रहे हैं, और ये दृश्य हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के डी एफ ओ मानस सिंह कहते हैं कि कार्मोरेंट हमारे स्थानीय निवासी पक्षी हैं। उद्यान के अलावा शहर के आसपास के जल क्षेत्रों में भी ये सक्रिय हैं, जो हमारी पारिस्थिति की मजबूती दिखाता है।

### गोपाष्टमी पर सीकरी की गौशालाओं में किया गौ-पूजन एवं सेवा, गौसंवर्धन के प्रति जताई प्रतिबद्धता

## गौमाता हमारी संस्कृति, श्रद्धा और जीवन मूल्यों का अभिन्न प्रतीक हैं - जवाहर सिंह बेढ़म

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर घनश्याम अवस्थी। गौ-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित पावन पर्व गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर, राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को सीकरी स्थित सेवल मंदिर गौशाला व पटवन गौशाला पहुँचकर गौ-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने पूरे विधि-विधान से गौमाता की आरती की, उन्हें तिलक लगाया और अपने हाथों से गुड़ व चारा खिलाकर उनकी सेवा की।

**गौसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं**

इस भावपूर्ण अवसर पर उपस्थित गौ-भक्तों को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म ने कहा, ष्गौमाता हमारी संस्कृति, श्रद्धा और जीवन मूल्यों का अभिन्न प्रतीक हैं। गौसेवा केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह करुणा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश भी है।ष् उन्होंने कहा कि गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है और उनकी सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। बेढ़म ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी के कुशल निर्देशन में प्रदेश सरकार की गौसंवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने गौशालाओं के संचालकों और निस्वार्थ भाव से गौ-सेवा में जुटे कार्यकर्ताओं के प्रति प्रत्यक्ष कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि उनका यह समर्पण वंदनीय है। श्री बेढ़म ने इस बात पर भी जोर दिया कि गौ-आधारित कृषि और प्राकृतिक उत्पादों को अपनाकर हम न केवल अपनी सनातन परंपरा को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर समाज की नींव भी रख रहे हैं, जो गौमाता के प्रति हमारी अप्रत्यक्ष कृतज्ञता को दर्शाता है।

**सनातन परंपरा को सशक्त बनाने का आह्वान :** बेढ़म ने इस पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया, ष्हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गौसंवर्धन, संरक्षण और सेवा के माध्यम से अपनी संस्कृति और सनातन परंपरा को और अधिक सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गौशाला समिति के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी व गौ-भक्त उपस्थित रहे।

#### भव्य स्वागत व अन्नकूट का आयोजन

इससे पूर्व, गौशाला पहुँचने पर गृह राज्य मंत्री का स्थानीय गौ-सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य पुष्प माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौमाताओं के लिए विभिन्न प्रकार के अनाजों, पौष्टिक आहार, सब्जियों और हरे चारे का एक भव्य अन्नकूटश् भी सजाया गया, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## आत्ममंथन से आत्मोन्न्ति की ओर 78 वां वार्षिक संत समागम, आज रवाना होंगे श्रद्धालु




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जहां एक और आज की दुनिया जाति ,धर्म ,भाषा और विचारों की सीमाओं में उलझी हुई होती है वहीं दूसरी और संत निरंकारी मिशन समरसता प्रेम और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर सक्रिय है सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सानिध्य में निरंकारी मिशन का 78 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल सामान रखा( हरियाणा ) में आयोजित किया जा रहा है इस वर्ष की मूल प्रेरणा आत्म मंथन है जो आत्म चिंतन एवं आंतरिक जागरूकता को प्रेरित करने वाली एक सकारात्मक पहल के रूप में उभरेगी। इस विश्व स्तरीय निरंकारी संत समागम में अलवर जिले से भी हजारों श्रद्धालु भक्तजन समागम में शामिल होने के लिए बसों व ट्रेनों द्वारा आज रवाना होंगे और सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे । इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भारत ही नहीं अपितु विदेशों से लगभग 5,000 श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करेंगे और इस आध्यात्मिक पर्व से जुडक़र आनंद प्राप्त करेंगे समागम की समस्त व्यवस्थाएं संत निरंकारी सेवा दल के निस्वार्थ और समर्पित स्वयंसेवको द्वारा सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही है।

निरंकारी समागम कमेटी के कोर्डिनेटर जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी दी की लंगर (भोजन) कैंटीन ,शौचालय, यातायात, चिकित्सा ,एंबुलेंस, पार्किंग सुरक्षा व रहने आदि की विस्तृत व्यवस्थाओं सहित स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष समागम स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक प्रबंध किया गया है ।

## लगातार प्रभात फेरी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर शहर में गुरुवार को स्कीम नंबर दो गुरुद्वारा सिंह सभा अलवर से सातवीं प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी का स्वागत धीरज पोपली और मनीष पोपली द्वारा पुष्प वर्षा करके किया गया । लगभग 11 प्रभात फेरिया निकाली जाएगी। अब केवल 4 प्रभात फेरी निकलना शेष रह गई है प्रतिदिन सुबह 5.00 बजे गुरुद्वारा स्कीम नंबर 2 से निकाली जाती है पूरे स्कीम 2 में कीर्तन करते हुए स्कीम नंबर दो गुरुद्वारे में आकर इसका समापन होता है आज की प्रभात फेरी में उप प्रधान गुरप्रीत सिंह (लक्की ) मुख्य सेवादार गुरनाम सिंह (राजू) , प्रेम सिंह , राजेंद्र सिंह , डी पी सिंह , मधुर हर्ष भाटिया , गुलशन, अनमोल, परमीत सिंह , हरजीत सिंह , गुरमीत सिंह (विक्की ) , राजेंद्र सिंह बग्गा.. आज की प्रभात फेरी में मुख्य शब्द गायक हरप्रीत सिंह , मुख्य तबला वादक बबलू सिंह , मनप्रीत सिंह , मुख्य ग्रंथि रंजीत सिंह , संदीप सिंह ने शब्द कीर्तन कर के आई हुई सभी संगत को निहाल किया। इसके उपरांत अरदास की गई तथा आई हुई सभी संगत को प्रसाद वितरण भी किया गया। सिख धर्म सभी लोगों को त्याग, दान और सेवा का संदेश देता है।

## एसआईआर 2026के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के बानसूर उपखण्ड कार्यालय के सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसआईआर 2026के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित ने विस्तार से चर्चा की। हरित ने उपस्थित सभी दलों के प्रतिनिधियों को विस्तृत दिशानिर्देश साझा किए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग सभी दलों से इस कार्य में सहयोग की अपेक्षा रखता है। मुझे उम्मीद है निर्वाचन आयोग की इस पहल में आप सभी दलों के कार्यकर्त्ता पदाधिकारी एवं नेता सहयोग करेंगे। हरित ने कहा कि बूथ लेवल अभिकर्ता एसआईआर में समुचित सहभागिता करें जिससे मतदाता सूची समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से अध्ययन की जा सके। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरिक्षण कार्यक्रम 28अक्टूबर 2025से शुरू हो चुका है।जिसमें 2002की मतदाता सूची को मुख्य आधार बनाया गया है।इस प्रक्रिया में बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर जाकर मतगणना प्रपत्र भरेंगे।जिसकी एक प्रति मतदाता को दी जाएगी एवं दूसरी बीएलओ को जमा कराई जावेगी।जो ईसीआई नेट पर बीएलओ के द्वारा ऑनलाइन की जाएगी। हरित ने कहा कि मतदाता स्वयं भी ईसीआई पोर्टल पर प्रपत्र भर सकते हैं।जिसका सत्यापन बीएलओ करेंगे!

## गोविन्द देव जी मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के ऐतिहासिक गोविंद देव जी मंदिर में गुरुवार को राधा अष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। राधा रानी के जन्मोत्सव पर पूरे मंदिर को पुष्पों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जगमोहन पाराशर ,मुखराम जागा, अखिलेश वशिष्ठ ने भावपूर्ण भक्ति प्रस्तुतियां दीं। जिनमें राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी जैसे भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महिलाओं ने नृत्य करते हुए भजनों का आनंद लिया। महन्त दिलीप मुखर्जी ने बताया कि राधा अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है क्योंकि आज के दिन राधे रानी कृष्ण का रूप रख गांव चराने गई थी। पूरे वर्ष में आज के दिन ही राधे रानी के चरणों के दर्शन कराए जाते हैं। भक्ति और प्रेम की देवी श्री राधारानी का प्रकट दिवस माना जाता है। यह दिन भक्तों के लिए श्रीकृष्ण प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। शास्त्रों के अनुसार, जो भक्त इस दिन राधा रानी के चरणों के दर्शन करता है उसके जीवन में प्रेम, सौहार्द और आध्यात्मिक शांति का वास होता है।

अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने खिलाडियों की कि हौसला-अफजाई

# पॉजिटिविटी का दूसरा नाम खेल है जो शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ राष्ट्रीयता की भावना को मजबूत करते हैं : मंत्री यादव

### 50 हजार से अधिक खिलाडी ले रहे हैं उत्साह के साथ भाग, रिमझिम बूंदों के बीच खिलाडियों का जोश रहा हाई

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)संजय शर्मा ने गुरूवार को अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत अलवर शहर विधानसभा के लिए आरआर कॉलेज खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर बेलून उडाकर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात केंद्रीय वन मंत्री यादव ने रामगढ विधानसभा के लिए रामगढ में आरबीएस स्कूल खेल मैदान एवं अलवर ग्रामीण विधानसभा के लिए चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता कार्यक्रमों में शिरकत कर खिलाडियों की हौसला-अफजाई करते हुए खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि जीवन में अच्छे स्वास्थ्य एवं मानसिक मजबूती के लिए खेलों का महती भूमिका है। खेल हमारी नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मकता की ओर अग्रसर करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के भविष्य को गढने के लिए कृतसंकल्पित है। अलवर सांसद खेल उत्सव इस दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि अलवर खेल प्रतिभाओं की भूमि रही है तथा यहां के खिलाडियों ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव सभी सभी खिलाडियों को खेल के समान अवसर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अलवर का हर बच्चा 'फिट इंडिया' और खेलो इंडिया' के मूलमंत्र के साथ अपनी प्रतिभाओं को निखार रहा है।

उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत विधानसभा स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 50 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उत्सव के इंडोर गेम्स का आयोजन 7 से 9 नवम्बर तक एवं 14 व 15 नवम्बर को सेमिफाइनल व फाइनल मैचों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि सांसद खेल उत्सव के तहत खेल मैदानों में सांई के प्रशिक्षक मौजूद रहकर उत्कृष्ट खिलाडियों का चयन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में 8 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइगर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इसी दिन लिटरेचल फेस्टिवल एवं एक्जुकेशन फेयर का आयोजन किया जाएगा, जिससे अलवर के ट्यूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अलवर सांसद खेल उत्सव प्रारम्भ करने के लिए केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताते हुए कहा कि इसके माध्यम से जिले की खेल प्रतिभाओं को बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध हुआ, जिससे युवा अपनी खेल प्रतिभा को निखाकर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खेल उत्सव 1.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को समर कैम्प के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाकर उनकी प्रतिभा को उभारने का सराहनीय कार्य किया गया।

खिलाडियों का किया उत्साहवर्धन एवं राजीविका स्टॉलों का किया अवलोकन

इस दौरान अतिथिगणों ने खेल मैदान में आयोजित खो-खो, कुश्ती, एथलेटिक्स, रस्साकशी, वॉलीबॉल, कबड्डी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ कर खिलाडियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं रामगढ के आरबीएस स्कूल मैदान में राजीविका द्वारा लगाई गई हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉलों का अवलोकन कर आमजन से इन उत्पादों को बढावा देने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं से बातचीत कर उनसे उनके उत्पादों की विशेषताओं के बारे में जानकारी ली तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी,लक्ष्मीकांत भारद्वाज, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, पूर्व विधायक राजेन्द्र गण्डूरा, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, आरआर कॉलेज के प्राचार्य गोपीचंद पालीवाल, संजय नरूका, मनोज चाचान, रामकिशन मेघवाल, मानवेन्द्र सिंह सहित प्रबुद्घ व्यक्ति एवं खिलाडी एवं बडी संख्या में युवा व आमजन मौजूद रहे।

## गोपाष्टमी पर श्री जगन्नाथ व गोविन्द देव मंदिर में हुए राधा रानी के चरण झांकी के अलौकिक दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव जी मंदिर में गुरुवार को गोपाष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन राधा रानी जी के चरण दर्शन की अलौकिक झांकी के दर्शन हुये। मंदिर महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने बताया कि इस तिथि का महत्व है कि आज के दिन ही सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण गो चराने के लिए वन में गए थे और भगवान के साथ उनकी आदिशक्ति राधा रानी ग्वाल स्वरूप में आज के दिन ही भगवान श्री कृष्ण के साथ वन में गई। राधा रानी के चरणों की वेला वह एक अलौकिक रूप में रहती है। वर्ष में आज ही के दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को ही राधा रानी जी के चरण दर्शन होते हैं। इस मौके पर सैकड़ो भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर राधा रानी के चरण दर्शन कर मन्नतें मांगी।

## राशन डीलर ने जिला कलेक्टर और जिला राशन अधिकारी को ज्ञापन देकर जताया रोष

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** राशन डीलरो ने राशन डीलर एसोसिएशन राजस्थान के जिला अध्यक्ष राकेश गिरसै के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला रसद अधिकारी भागू राम महला को राशन डीलरों की मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

राशन डीलरो ने अपने ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में डोर स्टेप डिलीवरी के निर्देशोंनुसार यह व्यवस्था दी गई है कि परिवहनकर्ता ही राशन दुकानों पर खाद्यान्न पहुंच करके आयेगा। यानि राशन दुकानों तक पहुंच की समस्त जिम्मेदारी परिवहनकर्ता की ही तय की गई है। इस प्रक्रिया में राशन डीलर को कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी है। लेकिन पूर्वी राजस्थान के कुछ जिलों में यह ऊतराई (अनलोडिंग )राशि 8रू प्रति क्विंटल राशन डीलर से उनकी जेब से दिलवायी जा रही है। जबकि अन्य जिलों में सरकारी निर्देशानुसार परिवहनकर्ता ही ऊतराई राशि वहन कर रहे हैं। वहां उतराई राशन डीलर्स को नहीं देनी पड़ती है। इस तरह से एक ही राज्य में एक आदेश की दो तरह से पालना कैसे संभव है। इसलिए हम राशन डीलरों ने तय किया है कि हम एक नवम्बर से यह अनलोडिंग राशि का वहन नहीं करेंगे।

परिवहनकर्ता ही इसका वहन करेगा। इस दरम्यान कोई यदि को गाड़ी राशन दुकानों पर इस विषय को लेकर खड़ी रहती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। क्योंकि इसके लिए हम समय रहते प्रशासन को सूचित कर रहे हैं। राशन डीलरों का कहना है कि अधिकांशतय उपभोक्ता खाद्य सामग्री या तो एक तारिख से लेते हैं या माह के अन्त में लेते हैं ।ऐसे में राज्य सरकार द्वारा बिना पूर्व सूचना के अचानक 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक पोस मशीनों को साफ्टवेयर अपडेट के लिए बंद कर दिया है ।जिससे माह के अन्त में अपना खाद्यान्न प्राप्त करने वाले उपभोक्ता वंचित रह गए हैं। इस माह में तीन दिन का वितरण रोकने पर उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार को उपभोक्ताओं के हित में इन तीन दिनों की ऐवज में आगामी नवम्बर माह में इस माह के वंचितों के लिए राशन वितरण का आप्सन खोला जाना चाहिए। हमारी मांग है कि इनके लिए 5 नवंबर तक अक्टूबर माह के वितरण का आप्सन पोस मशीनों में खोला जावें।

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के प्रयासों से नगर विधान सभा के लिए मिली 8.62 करोड़ रुपए की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के प्रयासों नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर सरकार ने क्षेत्र की दो प्रमुख मांगों को पूरा करते हुए खोह में नई उप-तहसील के निर्माण और नगर क्षेत्र की जर्जर हो चुकी 8 प्रमुख सडक़ों के पुनर्निर्माण के लिए 8 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। बेढ़म अभिशंषा पर राज्य सरकार ने खोह में नए उप-तहसील भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख 26 हजार रुपये की स्वीकृति जारी की है।

उप तहसील भवन के निर्माण से स्थानीय और आसपास के दर्जनों गाँवों के लोगों को अपने राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत होगी। जो इस क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए, गृह राज्य मंत्री बेढम ने क्षेत्र की विभिन्न जर्जर सडक़ों के नवीनीकरण और पुनर्निर्माण के लिए 7 करोड़ 2 लाख 25 हजार रुपये की एक बड़ी राशि स्वीकृत कराई है। इस राशि से नगर विधानसभा क्षेत्र की 8 प्रमुख सडक़ों का कायाकल्प किया जाएगा। जिनमें नगर से बरखेड़ा फौजदार वाया फतेहपुर कलां, नीमकी, बझेड़ा और वीजला 3.76 करोड़), सुंदरावली से डीग नगर रोड ?60 लाख, बलदेव बास से जयश्री 50 लाख, पसोपा से नगला डूंडी 50 ला, सहदन मोड़ से बूड़ली 50 लाख, कुकरेन से अकबरपुर फौजदार 43.75 लाख, डीग सीकरी रोड से गुहाना 37.50 लाख और एसएच-14 से भानपुर 35 लाख रूपये शामिल हैं।

## केंद्रीय वन मंत्री ने गोपाष्टी पर किया गौ पूजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज गोपाष्टमी के अवसर पर अलवर के स्टेशन रोड स्थित सार्वजनिक गौशाला में गाय को चारा खिलाकर गो माता की पूजा-अर्चना की। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की परिचायक होने के साथ ही सनातन संस्कृति में गौ माता का पवित्र स्थान रहा है। हमारे ग्रंथों में भी कहा गया है कि गौ माता की सच्चे भाव से सेवा करने पर जीवन में विभिन्न प्रकार के कष्टों का हरण होता है। उन्होंने कहा कि गोपाष्टी, मकर संक्रांति इत्यादि त्योहारों व पर्वों पर गौ माता को चारा आदि खिलाकर जीवन में सुख-समृद्घि की कामना की जाती है। इस दौरान उन्होंने गौशाला का निरीक्षण कर वहां गौ माता के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, श्री अजय अग्रवाल सहित प्रबुद्घ व्यक्ति मौजूद रहे।

शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित हुई रात्रि चौपाल

# अभिभावकों को दी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के अलेई ग्राम पंचायत में शिक्षा विभाग की ओर से रात्रि चौपाल का आयोजन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। रात्रि चौपाल में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने ग्रामीण एवं अभिभावकों से राज्य सरकार द्वारा व शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को राजकीय विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययन हेतु भेजने तथा शिक्षा विभाग की गतिविधियों की जानकारी साझा की। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम युवराज शर्मा व कमल कुमार मीना ने शिक्षा विभाग द्वारा निः शुल्क पाठ्य- पुस्तक, गणवेश वितरण, मिड डे मील योजना, बालिकाओं के लिए चलाई जा रही लाडो प्रोत्साहन योजना, छात्रवृत्ति योजना सहित अनेक बिन्दु के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज शर्मा ने 31 अक्टूबर को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मेगा पीटीएम का विद्यालय स्तर पर आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली मेगा पीटीएम में शामिल होने की अपील की। पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मुरारीलाल बैरवा ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान रामफूल मीना, अशोक कुमार शर्मा, पवन कुमार शर्मा, बसना मीना, नीरज मीना सहित ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार शर्मा ने किया।

# ध्वजारोहण के साथ पुष्कर मेला का शुभारम्भ, सरोवर के 52 घाटों पर सवा लाख दीपक जगमगाए, सांस्कृतिक उमंग की छटा बिखरी

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विधिवत ध्वजारोहण कर की मेले के शुभारम्भ घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नगाड़ा वादक नाथूलाल सोलंकी के दल ने 101 नगाड़ों का संगत वादन किया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (निसं)।** विश्व प्रसिद्ध श्री पुष्कर मेला—2025 का गुरुवार को पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ भव्य शुभारम्भ हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा मेला मैदान में विधिवत ध्वजारोहण कर मेले के शुभारम्भ की घोषणा की गई। देसी और विदेशी पर्यटकों की टीमों के बीच फुटबॉल मैच हुआ। मैच देसी पर्यटकों की टीम ने 2-1 से जीता। शाम को पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर सवा लाख दीपक जलाए गए। जयपुर घाट पर महाआरती हुई। इसके बाद आतिशबाजी की गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पुष्कर मेला राजस्थान की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। इसी महत्व को देखते हुए राज्य सरकार ने मेले के बजट में वृद्धि कर इसे 70 लाख रूपये से बढ़ाकर एक करोड़ रूपये किया है। इससे यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी तथा मेले को और भव्य रूप दिया जा सकेगा। पुष्कर कॉरिडोर की डीपीआर तैयार हो गई है, जल्द ही इसका शिलान्यास किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुष्कर फॉरएवर संकल्प के साथ इस विश्व-प्रसिद्ध मेले को स्थाई रूप से वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। तीर्थराज पुष्कर को अंतरराष्ट्रीय तीर्थ पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए



ठोस एवं दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य है कि यहां आने वाला हर आगंतुक राजस्थान की परंपराओं, संस्कृति और आध्यात्मिकता का अद्भुत अनुभव लेकर जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत लोककलाओं और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए आगामी 19 नवंबर को सभी संभाग मुख्यालयों पर घूमर उत्सव होगा। राजस्थानी लोकनृत्य, विशेषकर घूमर प्रदेश की गौरवशाली पहचान है और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। लोक सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पुष्कर मेले के बजट में की गई वृद्धि पर्यटन संवर्धन और स्थानीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम है। इस निर्णय से तीर्थराज पुष्कर में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही अर्थव्यवस्था एवं रोजगार अवसरों में भी सकारात्मक वृद्धि होगी।

उन्होंने आगंतुकों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता एवं अनुशासन का पालन करते हुए मेले को सफल एवं यादगार बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान की परंपरा अतिथि देवो भव के अनुरूप प्रत्येक पर्यटक का स्वागत पूर्ण सम्मान और आत्मीयता से किया जाएगा और प्रशासन सभी के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं आनंददायक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शुभारम्भ समारोह में परम्परागत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना ज्योतिषाचार्य पंडित कैलाशनाथ दाधीच ने करवाई। पूजा के पश्चात ध्वजारोहण के साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नगाड़ा वादक नाथूलाल सोलंकी एवं उनके दल द्वारा 101 नगाड़ों का संगत वादन किया गया। नगाड़ों की समताल ने उपस्थित जनसमूह में रोमांच का संचार किया।

राजस्थान की संस्कृति की मनोहारी झांकी प्रस्तुत करते हुए परंपरागत पोशाक में सजी 150 से अधिक बालिकाओं के सामूहिक लोकगीत व नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। यह समूह नृत्य 'हाथां में तलवारा, कमर कटारां सोहे' सहित विभिन्न लोकगीत समुच्च पर प्रस्तुत किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंच से उतरकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया, उनके साथ पारम्परिक घूमर नृत्य कर संस्कृति से जुड़ाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जयपुर काइट्स टीम द्वारा रंग-बिरंगी पतंगों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

समारोह में तगाराम भील एवं साथियों ने अलगोजा वादन कर लोक-संगीत की मधुर धारा प्रवाहित की। इनके साथ घड़ा वादन छगनलाल ने किया। संगतकारों द्वारा कमायचा, खड़ताल एवं ढोलक वादन भी किया गया। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास के विशेष विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जल ससांधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को पौधे भेंट कर पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया।

शुभारम्भ अवसर पर भव्य सांस्कृतिक यात्रा निकाली गई। इसका संयोजन श्री गोपाल बंजारा ने किया। यात्रा में बीकानेर के रोबीले अनिल बोहरा, पुष्कर के राजेश भाट के कच्ची घोड़ी नृत्य, राजेशनाथ का कालबेलिया नृत्य, किशनाराम भोपा का रावणहत्था वादन, मुकेश नाथ का राजस्थानी नृत्य, जैसलमेर के पारसमल का लाल आंगी गेर, गंगानगर के शोफत अली के मश्कवादन ने सबका मन मोह लिया। पश्चिमी सांस्कृतिक कला केन्द्र की सोना बेन के दल ने रावता नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न लोकनृत्य दलों ने कालबेलिया, गैर, कच्छी घोड़ी नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन किया। भ्रमण दल के कलाकारों ने केसरिया बालम सहित अन्य लोकधुनों पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

मेला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं की भी शुरुआत हुई। स्थानीय एवं विदेशी टीमों के मध्य फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ सुरेश रावत ने टॉस कर किया। यह मैच देशी टीम ने विदेशी टीम को 2-1 से हराकर जीता।

उपखंड अधिकारी एवं मेला मजिस्ट्रेट श्री गुरु प्रसाद तंवर ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर मेला के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन एवं पुलिस के कैम्प स्थापित किए गए हैं। तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए सरोवर क्षेत्र और मेला स्थल पर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

# बनास नदी के बहाव में फंसी 40 सवारियों से भरी बस, डंपर से रेस्क्यू, एक-एक कर खिड़की से बाहर निकाला

### बच्चे सहमे, बड़े सहायता के लिए पुकारते रहे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (निसं)।** 40 सवारियों से भरी बस बनास नदी में फंस गई। ड्राइवर इसे निकालने का प्रयास करता रहा, लेकिन बस न आगे चली न पीछे। इस दौरान नदी के वेग का पानी बस की खिड़कियों से नीचे बहता रहा।

ग्रामीणों को सूचना मिली तो ट्रैक्टर और लोडर लेकर बस तक पहुंचने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नहीं मिलने पर डंपर बुलाया गया। इसके बाद एक-एक कर करीब 40 सवारियों को डंपर में बैठा कर बाहर निकाला। इस दौरान बच्चे सहम गए और अन्य यात्री मदद के लिए गुहार लगाते रहे।

मामला सवाई माधोपुर चौथ का बरवाड़ा शिवाड़ मार्ग पर बनास नदी



पर बनी डिडायच रपट का गुरुवार शाम 7 बजे का है। यात्रियों को बस में से निकालने में करीब डेढ़ घंटा लगा। सभी-सभी यात्री चौथ का बरवाड़ा में चौथ माता के दर्शन कर लौट रहे थे। यह सभी चित्तौड़ा तहसील फागी जिला जयपुर के निवासी थे।

जानकारी के अनुसार, बनास नदी में बीसलपुर बांध से एक बार फिर से पानी छोड़े जाने के कारण पानी का बहाव तेज हो गया है। गुरुवार दोपहर 3:00 से पानी ज्यादा आने के कारण चौथ का बरवाड़ा शिवाड़ मार्ग बंद हो गया है। शाम करीब 7:00 बजे चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ होकर जयपुर जा रही बस चालक की लापरवाही के चलते नदी के बहाव में जाकर फंस गई। इस दौरान बस के अंदर भी पानी आने लगा तो लोगों ने जोर-जोर से चीख पुकार मचा दी। जिसे सुनकर आसपास से बड़ी संख्या में लोग नदी के किनारे पर पहुंचे, लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण लोग कुछ नहीं कर पाए।

### सामने आई प्रशासनिक लापरवाही, मौके पर नहीं थे कर्मचारी

घटना में लोगों के साथ-साथ मुख्य रूप से प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है। यहां ना तो बीसलपुर ना ही ईसरदा बांध से बनास नदी में पानी छोड़े जाने की जानकारी का अलर्ट क्षेत्र में जारी किया गया। ना ही जानकारी होने के बावजूद प्रशासन के द्वारा कोई कर्मचारी नदी के दोनों सिरों पर तैनात किया गया। जिसके चलते हादसा घटित हुआ। गनीमत यह रही की ग्रामीणों की सूझबूझ एवं हिम्मत से बड़ी जनहानि होने से बच गई।

### यह रहे रियल हीरो

घटना में कुछ युवकों की साहस एवं मेहनत से करीब 35 से अधिक यात्रियों की जान बच गई। गांव के गंभीर मीणा, धनराज प्रजापत, बोलता राम, पप्पू, भवानी शंकर, दीपक,रामधन, हेमंत, कालू आदि युवाओं के साथ ग्रामीणों ने सभी की जान बचाई।

सहायता से जैसे तैसे गांव के कुछ युवाओं ने जोखिम उठाकर बस के पास पहुंचने की कोशिश सफल नहीं होने पर डंपर की सहायता से सभी को निकाला गया। सभी-सभी जयपुर के निवासी थे। इन्होंने सबसे पहले सवाई माधोपुर स्थित गणेश जी मंदिर में दर्शन किए तथा उसके बाद चौथ का बरवाड़ा दर्शन करने के बाद शिवाड़ जा रहे थे।

## नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में में टाइगर और लॉयन सफारी अगले आदेश तक बंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में लगातार हो रही बारिश के बाद हालात बिगड़ने लगे हैं। सफारी ट्रैक पर फिसलन और जलभराव के कारण पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने टाइगर और लॉयन सफारी को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया है। वन विभाग ने यह फैसला रविवार को टाइगर सफारी के दौरान पर्यटकों से भरी बस के कीचड़ में फंस जाने के बाद लिया है। यहां एक टाइगर बस के पास आकर बैठ गया था।

वन विभाग के उपवन संरक्षक विजयपाल सिंह ने बताया- जयपुर में फिलहाल बारिश का दौर जारी है। इस दौरान सफारी ट्रैक की स्थिति काफी फिसलन भरी हो गई है। ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए 30 अक्टूबर से टाइगर और लॉयन सफारी को अगले आदेश तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया- ट्रैक पर जगह-जगह पानी भर गया है, कई हिस्सों में मिट्टी धंस गई है। इस वजह से सफारी वाहनों का संचालन जोखिम भरा हो गया है। ट्रैक की मरम्मत और समतलीकरण का काम जल्द शुरू किया जाएगा। ऐसे में फिर से स्थिति सामान्य होने के बाद ही सफारी को दोबारा खोला जाएगा।

## मेले में छात्र के सीने में छुरा घोंपकर हत्या

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (निसं)।** अलवर में ट्रेड फेयर में दोस्तों के साथ घूमने गए युवक की छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई। युवक के दोस्तों का कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। वह बीच-बचाव कर रहा था, इसी दौरान दूसरे पक्ष के युवक ने उसके सीने बर्फ काटने वाला छुरा घोंप दिया। युवक को घायल अवस्था में जिला हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना गोविंदगढ़ में रेलवे फाटक के पास बुधवार रात करीब 8 बजे की है। सूचना पर युवक के परिजन और ग्रामीण हॉस्पिटल पहुंचे, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करने लगे। पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद परिजनों ने धरना खत्म कर दिया है। शव को हॉस्पिटल से लेकर गए।

अलवर मेव बोर्डिंग के पूर्व सदर शेर मोहम्मद ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अगर आरोपियों के घरों पर अवैध अतिक्रमण मिलता है तो हटाएंगे। 4 नवंबर तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो हम अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

## भारत तीसरी बार विमेंस वर्ल्डकप के फाइनल में

### सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया

बढ़ता राजस्थान

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में 339 रन का टारगेट 48.3 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया।

इसी के साथ भारत ने तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। 2 नवंबर को उसका सामना साउथ अफ्रीका से होगा। जेमिमा रॉड्रिग्ज 127 और अमनजोत कौर 15 रन बनाकर नाबाद लौटीं।

भारतीय टीम ने 59 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। यहां से जेमिमा रॉड्रिग्ज ने मोर्चा संभाला और टीम



को जीत दिलाई। वे 134 बॉल पर 127 रन बनाकर नाबाद लौटीं। जेमिमा ने 14 चौके लगाए।

जेमिमा ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (89 रन) के साथ 167, दीप्ति शर्मा (24 रन) के साथ 38, ऋचा घोष (26 रन) के साथ 46 और अमनजोत कौर (नाबाद 15 रन) के साथ नाबाद 31 रन की अहम साझेदारियां कीं। किम गार्थ को 2 विकेट मिले। जेमिमा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ऑस्ट्रेलिया से फीबी लिचफील्ड ने 119, एलिस पेरी ने 77 और एश्ले गार्डनर ने 63 रन बनाए। भारत के लिए स्पिनर श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट झटके। क्रांति गौड़, अमनजोत कौर और राधा यादव को 1-1 विकेट मिला। 3 बैटर्स रन आउट भी हुईं।

## जैसलमेर के जैन रिसोर्ट में आग, सैलानियों का सामान जला

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (निसं)।** जैसलमेर के सम सैंड ड्यून्स क्षेत्र में स्थित जैन टेंट एम्पायर रिसोर्ट में गुरुवार देर रात अचानक लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग सिगरेट के जलते टुकड़े से लगी, जिसने कुछ ही देर में आसपास के टैंटों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते रिसोर्ट के 5 टेंट जलकर राख हो गए, जबकि पास में ठहरे सैलानियों का कपड़े, बैग, कैमरे और अन्य सामान भी जल गया। उस समय रिसोर्ट में 50 से ज्यादा देसी सैलानी मौजूद थे।

घटना की सूचना मिलते ही सम थाना प्रभारी बगड़ूराम पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि इससे पहले ही स्थानीय लोगों और रिसोर्ट स्टाफ ने



रेत और पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए सैलानियों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। एसएचओ बगड़ूराम ने बताया कि आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन संपत्ति को नुकसान जरूर हुआ है।

VARDHAMAN
DENTAL HOSPITAL
Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290
Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253
Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy

Dental Laser
Digital X-ray(RVG)
Fix Braces
Zirconia Crowns
• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार